रोहतक

बुधवार, 8 मई 2024

वैशाख मास कृष्ण पक्ष,
अमावस्या वर्ष : 28, अंक : 101
पृष्ठ 12 मूल्य 3 .00

मौसम
अधि. 42.4
न्यून. 23.2

haribhoomi.com


# हरिभूमि

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी









## लोकसभा चुनाव के बीच हरियाणा में 'खेला', अल्पमत में सैनी सरकार

# तीन निर्दलीय विधायक रूठे, समर्थन वापस लिया, सरकार पर असर नहीं

### छह माह तक नहीं लाया जा सकता है अविश्वास प्रस्ताव

### च. दादरी से विधायक सोमबीर सांगवान, नीलोखेड़ी से धर्मपाल गोंदर व पूंडरी से रणधीर गोलन ने कांग्रेस का समर्थन किया

योगेंद्र शर्मा ▶▶| चंडीगढ़

देश में लोकसभा चुनाव के बीच हरियाणा में बड़ा 'खेला' हो गया। मंगलवार को प्रदेश में भाजपा की नायब सिंह सैनी सरकार को समर्थन करने वाले तीन निर्दलीय विधायकों ने नाराजगी जाहिर करते हुए सरकार से समर्थन वापस ले लिया और कांग्रेस का समर्थन कर दिया। कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष चौधरी उदयभान ने दावा किया कि प्रदेश सरकार अल्पमत में आ गई है। हालांकि सैनी सरकार हरियाणा विधानसभा में सदन पटल पर बहुमत साबित कर चुकी है। इसलिए फिलहाल सरकार की 'सेहत' पर कोई खतरा नहीं है, चूंकि बहुमत साबित करने के बाद 6 माह तक अविश्वास प्रस्ताव नहीं लाया जा सकता। कांग्रेस का समर्थन करने वाले विधायकों में सोमबीर सांगवान चरखी दादरी सीट, रणधीर सिंह गोलन पुंडरी सीट और धर्मपाल गोंदर नीलोखेड़ी सीट शामिल हैं। इन विधायकों ने पूर्व मुख्यमंत्री व नेता विपक्ष भूपेंद्र हुड्डा और प्रदेश कांग्रेस प्रमुख उदयभान की मौजूदगी में पत्रकारों के सामने यह घोषणा की है।

### रोहतक में हुड्डा की मौजूदगी में ऐलान



### राज्यपाल को भेजा पत्र

तीनों विधायकों ने राज्यपाल को समर्थन वापसी का पत्र भी भेजा। तीनों ने एक सुर में कहा कि जनता भाजपा को आजमा चुकी है। अब भाजपा को अवसर देने का कोई औचित्य नहीं बनता। क्योंकि इस सरकार में हर वर्ग बेरोजगारी, महंगाई, बढ़ते अपराध, फैमिली आईडी, प्रॉपर्टी आईडी से दुःखी है। किसान, मजदूर, कर्मचारी, व्यापारी, सरपंच, नंबरदार समेत हर वर्ग आज आंदोलनरत है। सरकार में रहते हुए उन्होंने भाजपा को चेताने का काम किया। उदयभान ने कहा कि अन्य निर्दलीय भी जल्द सरकार का साथ छोड़ सकते हैं। सैनी को इस्तीफा दे देना चाहिए।

### क्या कहते हैं जानकार

हरियाणा व पंजाब विधानसभा मामलों के जानकार रामनारायण यादव ने कहा कि जब सरकार विश्वासमत हासिल कर लेती है, छह माह तक अविश्वास प्रस्ताव नहीं लाया जा सकता। हालांकि इसमें कोई कानून अथवा संविधान का प्रावधान नहीं है, वह इसलिए भी क्योंकि अगला सत्र ही छह माह के अंदर कराना होता है। कई राज्यों में एसे उदाहरण हैं कि एक ही सत्र में कई-कई अविश्वास आएं हैं, लेकिन शर्त यह है कि उसका विषय पूरी तरह से अलग होना चाहिए। अगर सत्र नहीं है, इस दौरान कोई विश्वास खोने की बात आती है, तो विपक्ष को राज्यपाल के पास जाना होगा। अब राज्यपाल पर निर्भर करेगा कि वे सत्तापक्ष की बात से संतुष्ट हैं या नहीं।

### विधानसभा का गणित

**कुल सीट : 90**

अभी बची : 88 खाली : 02

भाजपा 40+3 = 43
(इनमें भाजपा के 40, निर्दलीय 2 और 1 हलोपा विधायक शामिल)

| कांग्रेस | जजपा | इनेलो | निर्दलीय |
|---|---|---|---|
| 30 | 10 | 01 | 03 |

(2 विधायक दे चुके इस्तीफा। इनमें पूर्व सीएम मनोहर और निर्दलीय विधायक रणजीत चौटाला। हालांकि बाद में रणजीत भाजपा में शामिल हुए)

बहुमत के लिए चाहिए 45, लेकिन भाजपा सरकार के पास बचे 43। इसलिए सरकार अल्पमत में।

*नायब सैनी ने 12 मार्च को सीएम पद की शपथ ली। इसके अगले दिन उन्होंने विधानसभा में बहुमत साबित किया। दो फ्लोर टेस्ट के बीच छह माह का गैप जरूरी। ऐसे में विपक्ष 13 सितंबर से पहले अविश्वास प्रस्ताव नहीं ला सकता। इसी साल अक्टूबर-नवंबर में होने हैं विधानसभा चुनाव।*

# तीसरे चरण में 65% मतदान बिहार-छग में तीन की मौत

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

देश में लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण में मंगलवार को 11 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के 93 निर्वाचन क्षेत्रों में हिंसा की छिटपुट घटनाओं के बीच करीब 65 फीसदी मतदान हुआ। पश्चिम बंगाल में कुछ हिस्सों में छिटपुट हिंसा हुई और उत्तर प्रदेश के कुछ गांवों में चुनाव का बहिष्कार किया गया। वहीं, बिहार में वोटिंग के दौरान पीठासीन अधिकारी और होमगार्ड जवान की मौत हो गई है। छत्तीसगढ़ के जशपुर में मतदान करने पहुंचे एक बुजुर्ग की मौत हो गई। चुनाव आयोग के मुताबिक शाम तक 65% लोगों ने वोट डाले। असम में सबसे ज्यादा 81.71 प्रतिशत, सबसे कम महाराष्ट्र में 61.44 प्रतिशत लोगों ने मतदान किया। वहीं, पश्चिम बंगाल में मुर्शिदाबाद के भाजपा कैंडिडेट और टीएमसी समर्थक के बीच झड़प हुई है। यूपी के संभल में पुलिस ने लोगों पर लाठीचार्ज किया। इसमें कुछ लोग घायल हो गए। *(पेज 7 भी देखें)*



### पीएम नरेंद्र मोदी ने गांधीनगर में डाला वोट

प्रधानमंत्री मोदी ने गांधीनगर लोकसभा क्षेत्र के एक मतदान केंद्र पर अपना वोट डाला। वहीं, केंद्रीय गृह मंत्री शाह ने अहमदाबाद के एक मतदान केंद्र पर अपने मताधिकार का उपयोग किया। प्रधानमंत्री सफेद कुर्ता-पायजामा और भगवा जैकेट पहने हुए थे। वहीं अमित शाह सफेद कुर्ता-पायजामा के साथ भगवा रंग का गमछा लिए हुए थे। वोट डालने के बाद प्रधानमंत्री ने बच्चों के हाथ पर ऑटोग्राफ दिया। लोगों के साथ तस्वीरें क्लिक करवाईं। एक बच्ची को गोद में लेकर हवा में उछाला। मीडिया से बातचीत में उन्होंने लोगों से बड़ी संख्या में वोटिंग की अपील की। साथ ही गर्मी को देखते हुए खूब सारा पानी पीने को कहा।

### कहां कितना मतदान

| राज्य | वोटिंग % |
|---|---|
| असम | 81.71 |
| बिहार | 58.18 |
| छत्तीसगढ़ | 71.06 |
| दादर नगर हवेली | 69.87 |
| गोवा | 75.20 |
| गुजरात | 59.51 |
| कर्नाटक | 70.41 |
| मध्य प्रदेश | 66.05 |
| महाराष्ट्र | 61.44 |
| उत्तर प्रदेश | 57.34 |
| पश्चिम बंगाल | 76.52 |

### ये कद्दावर जंग में

इस चरण में कद्दावर नेताओं में केंद्रीय मंत्री अमित शाह (गांधीनगर), ज्योतिरादित्य सिंधिया (गुना), मनसुख मांडविया (पोरबंदर), पुरुषोत्तम रूपाला (राजकोट), प्रह्लाद जोशी (धारवाड़) और एसपी सिंह बघेल (आगरा) शामिल हैं। इस चरण में भाजपा के लिए काफी कुछ दांव पर हैं क्योंकि पिछले चुनाव में उसने गुजरात, कर्नाटक और मध्य प्रदेश सहित अन्य राज्यों की अधिकतर सीटों पर जीत हासिल की थी।

## खबर संक्षेप

### टीआरएफ के शीर्ष कमांडर समेत दो आतंकवादी ढेर

**श्रीनगर।** कुलगाम में सुरक्षाबलों के साथ मुठभेड़ में लश्कर-ए-तैयबा से जुड़े संगठन टीआरएफ के शीर्ष कमांडर समेत दो आतंकवादी मारे गए। मारा गया 'द रेसिस्टेंस फ्रंट' (टीआरएफ) का शीर्ष कमांडर पुलिसकर्मियों और आम नागरिकों की हत्या के कई मामलों में शामिल था। उसकी पहचान बासित डार के रूप में हुई है। उस पर 10 लाख का इनाम भी घोषित था। भाषा

### भ्रामक विज्ञापन के लिए सेलिब्रिटी भी जिम्मेदार

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने पतंजलि भ्रामक विज्ञापन के मामले में सुनवाई के दौरान कहा कि लोगों को प्रभावित करने वाले किसी प्रोडक्ट या सर्विस का विज्ञापन भ्रामक है तो सेलिब्रिटीज और सोशल मीडिया इंफ्लूएंसर्स भी समान रूप से जिम्मेदार हैं। सुप्रीम कोर्ट आईएमए की ओर से दायर की गई याचिका पर सुनवाई कर रही थी। कोर्ट आईएमए चीफ से भी जवाब तलब किया है। एजेंसी

### मुसलमानों पर आपत्तिजनक पोस्ट हटाए 'एक्स' : सीईसी

**नई दिल्ली।** केंद्रीय चुनाव आयोग ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' से कहा कि वह बीजेपी4कर्नाटक' हैंडल से मुसलमानों पर की गई एक आपत्तिजनक पोस्ट को तुरंत हटाएं। कर्नाटक के चीफ इलेक्टोरल ऑफिसर ने भाजपा से इस पोस्ट को हटाने को कहा था, लेकिन उन्होंने इसे नहीं हटाया। इसके बाद इलेक्शन कमीशन ने एक्स को वीडियो हटाने को कहा। एजेंसी

### एफएसएसएआई ने असिस्टेंड डायरेक्टर को बर्खास्त किया

**नई दिल्ली।** फूड सेफ्टी एंड स्टैंडर्ड्स अथॉरिटी (एफएसएसएआई) ने अपने असिस्टेंट डायरेक्टर को बर्खास्त कर दिया, जिसे 5 मई को सीबीआई ने रिश्वत लेने के आरोप में गिरफ्तार किया था। एफएसएसएआई ने आरोपित असिस्टेंट डायरेक्टर को रिश्वत देने वाली रिलायबल एनालिटिकल लैबोरेटरीज प्राइवेट लिमिटेड के डिरेकॉग्निशन की प्रक्रिया भी शुरू कर दी है। एजेंसी

# प्रदेश के चीफ सेक्रेटरी प्रसाद को लेकर एक्शन में चुनाव आयोग

**ईसीआई ने उनके पास कई विभाग होने पर आपत्ति जताई | ट्रांसफर-पोस्टिंग को लेकर जारी गाइडलाइन के उल्लंघन का आरोप | प्रसाद के पास 6 विभागों का चार्ज, सीईओ को कार्रवाई के लिए कहा**

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| चंडीगढ़



हरियाणा के मुख्य सचिव टीवीएसएन प्रसाद की मुश्किलें बढ़ने वाली हैं। भारतीय चुनाव आयोग (ईसीआई) ने उनके पास कई विभाग होने पर आपत्ति जताई है। ईसीआई की ओर से इसे लेकर एक लेटर हरियाणा के मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) को भेजा गया है। पत्र में कहा गया है कि मुख्य सचिव के पास कई महत्वपूर्ण विभागों की जिम्मेदारी है। इसे लेकर कई शिकायतें आयोग को प्राप्त हुई हैं। यह पूरी तरह से आयोग द्वारा अधिकारियों के ट्रांसफर-पोस्टिंग को लेकर जारी गाइडलाइन का उल्लंघन है। ऐसे में इस मामले में कार्रवाई कर इसकी जानकारी ईसीआई को दें।

### इस शिकायत पर आदेश

यह निर्देश हरियाणा के आईजी वाई पूरन कुमार की चुनाव आयोग को शिकायत के बाद दिए गए हैं। बता दें कि मुख्य सचिव प्रसाद के पास अतिरिक्त मुख्य सचिव (एसीएस), गृह, जेल, राजस्व सचिव (एससीआर) के साथ आपराधिक जांच सीआईडी और न्याय प्रशासन विभागों का प्रभार है।

### 2 आईपीएस के पास अतिरिक्त चार्ज

ईसीआई द्वारा हरियाणा सीईओ को भेजे पत्र में 2 सीनियर आईपीएस अधिकारियों के पास भी अतिरिक्त चार्ज पर कार्रवाई के लिए कहा है। इस लेटर में कहा गया है कि अंबाला के आईजीपी शिवाज कविराज के पास पंचकूला पुलिस कमिश्नर का अतिरिक्त चार्ज है। इसके अलावा कमिश्नर सोनीपत की जिम्मेदारी देख रहे आईपीएस सतीश बालन के पास झज्जर पुलिस कमिश्नर और आईजीपी सीपीटीएंडआर भोंडसी (गुरुग्राम) का पिछले चार साल से अतिरिक्त चार्ज है। नायब सैनी के नए मुख्यमंत्री चुने जाने के कुछ दिन बाद मुख्य सचिव संजीव कौशल छुट्टी पर चले गए थे। उनकी जगह टीवीएसएन प्रसाद को मुख्य सचिव के पद पर तैनात कर दिया गया। प्रसाद आंध्र प्रदेश मूल के हैं।

# झारखंडः मंत्री के निजी सचिव व उनका घरेलू सहायक गिरफ्तार

**रांची(भाषा)।** ईडी ने एक फ्लैट से 35 करोड़ रुपये से अधिक नकदी बरामद करने के मामले में झारखंड सरकार में मंत्री आलमगीर आलम के निजी सचिव संजीव लाल और उनके घरेलू सहायक को मंगलवार को गिरफ्तार कर लिया। एजेंसी ने राज्य के पांच स्थानों पर नए सिरे से तलाशी भी ली और राजीव कुमार नाम के ठेकेदार से 1.5 करोड़ रुपये जब्त किए हैं। सूत्रों ने बताया कि पिछले दो दिनों में कुल 36.75 करोड़ रुपये बरामद किए जा चुके हैं। लाल और उनके घरेलू सहायक जहांगीर आलम से रातभर पूछताछ करने के बाद दोनों को पीएमएलए के प्रावधानों के तहत हिरासत में ले लिया है। दोनों ने जांच में सहयोग नहीं किया और ईडी अधिकारियों द्वारा पूछे गए सवालों से बचते रहे। राज्य के ग्रामीण विकास विभाग में अनियमितताओं से जुड़े धन शोधन मामले की जांच के सिलसिले में ईडी ने सोमवार को एक फ्लैट पर छापा मारा था।



ईडी ने की कार्रवाई, एक दिन पहले फ्लैट से बरामद हुए थे 32 करोड़

**राज्य में पांच स्थानों पर नए सिरे से तलाशी ली**

ठेकेदार से घर से 1.5 करोड़ जब्त

# केजरी को राहत नहीं, सुप्रीम कोर्ट ने जमानत पर फैसला नहीं दिया

***शर्त रखी, दिल्ली के सीएम सरकारी काम में दखल न दें, ईडी से कहा, चुनाव हैं, ये असाधारण हालात***

भाषा ▶▶| नई दिल्ली

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को मंगलवार को सुप्रीम कोर्ट तत्काल कोई राहत नहीं मिली। दो न्यायाधीशों की पीठ ने लोकसभा चुनाव में प्रचार करने के लिए उन्हें अंतरिम जमानत देने पर कोई आदेश नहीं सुनाया। केजरीवाल पर कथित आबकारी नीति घोटाले से जुड़े एक मामले में धन शोधन का आरोप लगाया है। न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता की पीठ ने सुनवाई के दौरान अंतरिम जमानत देने पर अपना आदेश सुरक्षित रख लिया था। पीठ ने यह भी कहा था कि वह अपराह्न दो बजे फैसला सुनाएगी, लेकिन फैसला नहीं सुनाया गया। पीठ ने वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक सिंघवी और अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल (एएसजी) एस वी राजू की दलीलें सुनने के बाद अपना फैसला सुरक्षित रख लिया।

### पीठ ने सुनवाई को दो हिस्सों में बांटा

पीठ ने केजरीवाल की गिरफ्तारी के खिलाफ याचिका पर सुनवाई को दो हिस्सों में बांटा है। केजरीवाल की मुख्य याचिका में ईडी द्वारा उनकी गिरफ्तारी को चुनौती दी गई है। इसे अवैध घोषित करने का अनुरोध किया गया है, जबकि दूसरा पहलू मौजूदा लोकसभा चुनावों को ध्यान में रखते हुए अंतरिम जमानत देने से संबंधित है।



### ईडी ने किया नरमी दिखाने का विरोध

ईडी की तरफ से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने लोकसभा चुनावों के कारण केजरीवाल के प्रति किसी भी तरह की नरमी दिखाने का कड़ा विरोध किया और कहा कि आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक को अंतरिम जमानत देना नेताओं के लिए एक अलग श्रेणी बनाने के समान होगा।

### कोर्ट ने ईडी से कहा

अदालत ने जमानत का विरोध कर रही ईडी से कहा कि चुनाव चल रहे हैं और केजरीवाल मौजूदा मुख्यमंत्री हैं। चुनाव 5 साल में सिर्फ एक बार आते हैं। अदालत ने केजरीवाल से कहा कि हम आपको जमानत दे देते हैं तो आप ऑफिशियल ड्यूटी नहीं करेंगे। हम नहीं चाहते कि आप सरकार में दखलअंदाजी करें। अगर चुनाव नहीं होते तो अंतरिम जमानत का सवाल ही नहीं उठता था।

## बंगाल में 25000 शिक्षकों की भर्ती रद करने पर 'सुप्रीम' रोक

# यह व्यवस्थागत धोखाधड़ी, सभी नियुक्तियों को रद करना नासमझी

**नई दिल्ली/कोलकाता (एजेंसी)।** पश्चिम बंगाल शिक्षक भर्ती घोटाले मामले में मंगलवार को ममता सरकार को कुछ राहत मिल गई। सुप्रीम कोर्ट ने 25,000 शिक्षकों की भर्ती रद करने के कलकत्ता हाईकोर्ट के आदेश पर रोक लगा दी। हालांकि कोर्ट ने सीबीआई को केस की जांच जारी रखने का आदेश भी दिया। जांच एजेंसी से कहा कि इस दौरान कर्मचारी-उम्मीदवारों पर कोई एक्शन न लें। शीर्ष कोर्ट राज्य सरकार से कहा कि यह व्यवस्थागत धोखाधड़ी है। नियुक्तियों को रद करना नासमझी है। इससे लोगों का सरकार से भरोसा उठ जाएगा। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि पूरी तरह से नियुक्तियों को रद करना नासमझी है। वैध और अवैध भर्तियों को अलग करने की जरूरत है। पश्चिम बंगाल सरकार इसके तरीके को तय कर सकती है।



### सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणी

यह व्यवस्थागत धोखाधड़ी है। आज सार्वजनिक नौकरियां बेहद कम हैं। इन्हें सामाजिक गतिशिलता के रूप में देखा जाता है। अगर उनकी नियुक्तियों को बदनाम कर दिया जाए तो सिस्टम में क्या रह जाएगा। ऐसा कैसे हो सकता है? ऐसे तो लोग सरकार से भरोसा खो देंगे।

**सुप्रीम कोर्ट ने कहा, सीबीआई जांच जारी रखें**

■

**लेकिन कर्मचारी और उम्मीदवारों पर एक्शन न हो**

■

**हाईकोर्ट ने 22 अप्रैल को नौकरियां रद की थी**

### हाईकोर्ट ने लगाई थी रोक

कलकत्ता हाईकोर्ट ने 22 अप्रैल को बंगाल के सरकारी स्कूलों की 25753 नियुक्तियों को अवैध करार दे दिया था। साथ ही इन शिक्षकों को 7-8 साल के दौरान मिली सैलरी 12% इंटरेस्ट के साथ लौटाने के निर्देश भी दिए थे। इसके लिए कोर्ट ने 6 हफ्ते का समय दिया था। सुप्रीम कोर्ट ने बंगाल सरकार के वकील से पूछा कि या तो आपके पास डेटा है या नहीं है....आप दस्तावेजों को डिजिटल रूप में बनाए रखने के लिए बाध्य थे। आपको यह पता ही नहीं है कि सर्विस प्रोवाइडर ने किसी अन्य एजेंसी को नियुक्त किया। आपको निगरानी रखनी थी।







## हिसार सीटः 'मास्टर जी' कई जगहों पर कार्यालय नहीं खोल पाए थे, फिर भी बने विजेता

# कभी बड़े क्षेत्रों तक पहुंच नहीं पाते थे, आज गली-मोहल्लों में भी दिख रहे हैं प्रत्याशी

शमशेर सैनी ▶▶| हिसार

बढ़ती गर्मी के साथ सियासी पारा भी चढ़ने लगा है। चुनावी मैदान फतेह करने के लिए प्रत्याशी गर्मी में जमकर पसीना बहा रहे हैं। पहले जहां लोकसभा चुनाव के बड़ा चुनाव कहकर अधिकांश क्षेत्रों तक तो उम्मीदवार की पहुंच ही नहीं हो पाती थी वहीं अब हालात बिल्कुल बदले हुए हैं। प्रत्याशी अब बड़े क्षेत्रों और गांवों की बात तो छोडिए, छोटे-छोटे मौहल्लों व गलियों में भी चाय कार्यक्रमों व चुनावी सभाओं के माध्यम से खूब दिखाई दे रहे हैं। जगह-जगह कार्यालय खोले जा रहे हैं। लगभग हर क्षेत्र में लगभग सभी दलों के प्रत्याशियों के चुनावी कार्यालय जरूर दिखाई दे जाएंगे। एक समय ऐसा था जब कोई प्रत्याशी लोकसभा चुनाव में खड़ा हो, पूरे लोकसभा क्षेत्र का दौरा तक नहीं कर पाया हो, बहुत से गांव ऐसे जहां वह प्रचार करने तक नहीं पहुंचा, प्रचार के लिए चुनावी कार्यालय तक नहीं खोल सका हो, इन सब के बावजूद वह प्रत्याशी भारी वोटों के अंतर से जीत कर लोकसभा में पहुंच गया था। वर्ष 1991 में दसवें आम लोकसभा चुनाव में हिसार लोकसभा सीट से सांसद बनकर पहुंचे नारायण सिंह के साथ कुछ ऐसा ही हुआ था। मा. नारायण सिंह ने बिना प्रचार, बिना चुनावी खर्च, बिना दफ्तर खुले केंद्र में पेट्रोलियम मंत्री एवं ग्रीन बिग्रेड के मुखिया जयप्रकाश को चित्त कर दिया।

### लोस चुनाव 1991 के नतीजे

| प्रत्याशी | पार्टी | वोट |
|---|---|---|
| मा. नारायण सिंह | कांग्रेस | 233012 |
| जयप्रकाश | जनता दल | 206818 |
| जीत का अंतर | | 26194 |

### भजनलाल ने संभाली थी 'मास्टर जी' के चुनाव की कमान




वर्ष 1991 में हरियाणा में लोकसभा तथा विधानसभा चुनाव एक साथ हुए थे। कांग्रेस की टिकट से लोकसभा प्रत्याशी के तौर पर ताल ठोकने के बाद मा. नारायण सिंह के चुनाव की कमान हरियाणा के मुख्यमंत्री रह चुके चौधरी भजनलाल ने संभाली। हिसार लोकसभा क्षेत्र में चुनाव प्रचार के दौरान चौधरी भजनलाल को अपने साथ रखते थे। चौधरी भजनलाल अलग-अलग विधानसभा क्षेत्र में खड़े कांग्रेस प्रत्याशियों के लिए जनसभा करते थे, तो मा. नारायण सिंह भी मंच पर पहुंच जाते थे। जनसभा होने के बाद मा. नारायण सिंह भीड़ के सामने खड़े हो जाते और एक ही लाइन में कहते थे कि ऊपर आली पर्ची हाथ कै निशान पर डाल दियो।

### ग्रीन ब्रिगेड के मुखिया को दी पटखनी

वर्ष 1991 में हरियाणा में लोकसभा तथा विधानसभा चुनाव एक साथ हुए थे। उस समय कांग्रेस पार्टी ने मा. नारायण सिंह को अपना लोकसभा प्रत्याशी बनाकर सभी को चौंका दिया, क्योंकि हिसार लोकसभा सीट पर उनकी कोई राजनीतिक पहचान नहीं थी। तत्कालीन प्रधानमंत्री राजीव गांधी की विकासात्मक लहर में मा. नारायण सिंह ने जीत दर्ज की। उन्होंने ग्रीन ब्रिगेड के मुखिया एवं केंद्र में पेट्रोलियम मंत्री रहे जनता पार्टी के उम्मीदवार जयप्रकाश को पटखनी दी थी। राजनीति के अनजान चेहरे मा. नारायण सिंह ने केंद्र में उप-प्रधानमंत्री रहे चौधरी देवीलाल की पार्टी के प्रत्याशी जेपी को हराकर हरियाणा ही नहीं देश की राजनीति में सनसनी मचा दी। साधारण व्यक्ति के धनी मा. नारायण सिंह के इस करिश्मे की चर्चा हर किसी की जुबान पर थी। यहां तक कि बीबीसी लंदन ने भी इसे अपने प्रमुख समाचारों में स्थान दिया था।

### दो बार बने निर्विरोध सरपंच

मा. नारायण सिंह लगातार दो बार गांव सिंधवी खेड़ा के निर्विरोध सरपंच रह चुके हैं। हरियाणा के अस्तित्व में आने के बाद 1968 में प्रदेश की पहली विधानसभा के चुनाव में मा. नारायण सिंह ने भी अपना भाग्य आजमाया और वे जुलाना विधानसभा क्षेत्र से विधायक निर्वाचित हुए। उन्होंने चौधरी दलसिंह को हराया, हालांकि चौ. दलसिंह हार के खिलाफ कोर्ट में चले गए थे और फैसला उनके पक्ष में रहा। 1970 में दोबारा उपचुनाव हुए, जिसमें चौधरी दलसिंह जीत गए। सिंधवी खेड़ा गांव में जनवरी 1935 में जन्मे मा. नारायण सिंह ने बीए और बीएड की पढ़ाई। तब बहुत कम लोग इतना पढ़ पाते थे। मा. नारायण सिंह ने जींद जिले में शिक्षा की अलख जगाने का काम किया। वे पहले जाट स्कूल में टीचर बने और फिर प्राइमरी के हेड टीचर। युवाओं को तकनीकी रूप से कुशल बनाने के लिए उन्होंने जाट आईटीआई की स्थापना भी करवाई। करीब 83 वर्षीय मा. नारायण सिंह ने जून, 2017 को दुनिया को अलविदा कर गए।

## कांग्रेस के बहकावे से बाहर निकलकर भाजपा को वोट करें मेवात के लोग



**चंडीगढ़ / फिरोजपुर झिरका।** फिरोजपुर झिरका विजय संकल्प रैली में पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा कि आप लोग बोलते हो कि मनोहर लाल हमारा है, राव साहब हमारे हैं तो चुनाव में इस बार भाजपा को पीछे नहीं रहने देना है। मेवात की तीनों विधानसभाओं से 2 लाख से ज्यादा वोटों से जीताकर राव साहब को दिल्ली भेजना है। यहां पूर्व सीएम ने यह भी कहा कि कांग्रेस के लोगों ने भाजपा के नाम पर हव्वा का डर दिखाते हैं, 10 साल हो गए आज तक वो हव्वा आया नहीं। पूर्व सीएम ने कहा कि कांग्रेस के बहकावे में नहीं आना है। कांग्रेस द्वारा पैदा किए गए डर से बाहर निकलकर कमल खिलाना है। भाजपा प्रत्याशी राव इंद्रजीत सिंह के समर्थन में फिरोजपुर झिरका में आयोजित विजय संकल्प रैली में मनोहर लाल ने मोदी और हरियाणा की भाजपा सरकार द्वारा कराए गए कामों को गिनाया।

## मोदी को देश के गरीब, किसान महिलाओं व युवाओं की चिंताः सैनी



**चंडीगढ़/डबवाली।** हम सब ने 2014 का भारत देखा और अब 2024 का भारत देख रहे हैं। उस भारत और आज के भारत में जमीन आसमान का अंतर है। यह सब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व की बदौलत है। वह ईमानदारी से काम कर रहे हैं और देश आगे बढ़ रहा है। यह बात हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी ने डबवाली उप मंडल के गांव गोरीवाला में सिरसा संसदीय सीट से भाजपा उम्मीदवार अशोक तंवर के पक्ष में आयोजित एक जनसभा को संबोधित करते हुए कहें। मुख्यमंत्री ने कहा कि 2014 व 2019 में इस देश के लोगों का प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति विश्वास बढ़ा है। इसके अनेक कारण हैं। प्रधानमंत्री को देश के गरीब, किसान, महिलाओं व युवाओं की चिंता है। उन्होंने सभी वर्गों के उत्थान के लिए काम किया। प्रधानमंत्री ने न केवल देश की समस्याओं का निराकरण किया है बल्कि देश की संस्कृति का संरक्षण भी किया है।

## सियासी हलचल

### वोट % बढ़ाने की कवायद, वोट कर सेल्फी डालने पर 10 हजार रुपये तक का मिल सकता पुरस्कार

**चंडीगढ़।** राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार मतदान प्रतिशतता बढ़ाने को लेकर एक नई पहल की शुरूआत की गई है, जिसमें मतदान के दिन वोट करने के बाद मतदाताओं की उंगली पर लगी नीली स्याही के साथ ज्यादा से ज्यादा सेल्फी अपलोड कर ड्रा में भाग लिया जा सकता है। नई कवायद के तहत बच्चों को जोड़ा जाएगा जिससे मतदान के दिन बच्चे अभिभावकों की उंगली पर लगी नीली स्याही के साथ सेल्फी लेने के लिए प्रेरित किया जाएगा, इन सभी सेल्फी को बच्चे पोर्टल पर अपलोड कर निकाले जाने वाले ड्रा के तहत 2500 से 10 हजार तक के नकद पुरस्कार प्राप्त कर सकते है।

### पूर्व केंद्रीय मंत्री बीरेंद्र सिंह को दी कांग्रेस ने बड़ी जिम्मेदारी, स्टार प्रचारकों की सूची में शामिल हुए



**उचाना।** भाजपा छोड़ कर दस साल के बाद कांग्रेस में शामिल हुए पूर्व केंद्रीय मंत्री बीरेंद्र सिंह को कांग्रेस पार्टी ने बड़ी जिम्मेदारी दी। बीरेंद्र सिंह को राजीव गांधी के नजदीकी साथियों में गिना जाता था। सोनिया गांधी के विश्वसनीय लोगों में वो शामिल रहे थे। 2014 में कांग्रेस छोड़ कर भाजपा में जाने के बाद लोकसभा चुनाव से पहले कांग्रेस में शामिल हुए। बीरेंद्र सिंह के राजनीति अनुभव का फायदा उठाने के लिए कांग्रेस पार्टी ने उन्हें लोकसभा चुनाव को लेकर स्टार प्रचारकों में शामिल किया गया।

### निशान सिंह ने अजय चौटाला को दिया जवाब, कहा- खामोशी अच्छी, नहीं तो किस्से जनाब के हजारों हैं



**फतेहाबाद।** जजपा के अध्यक्ष डॉ. अजय सिंह चौटाला द्वारा विधायक देवेन्द्र बबली व जेजेपी छोड़ चुके पूर्व प्रदेशाध्यक्ष निशान सिंह को लेकर की गई टिप्पणी को लेकर मामला गर्माता जा रहा है। देवेन्द्र बबली द्वारा अजय चौटाला का मानसिक संतुलन बिगड़ा होने के ब्यान के बाद जेजेपी के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष निशान सिंह ने भी अजय चौटाला को लेकर तंज कसा है। निशान सिंह का कहना है कि खामोशी अच्छी है, नहीं तो किस्से जनाब के हजारों है।

### फेसबुक, इंस्टाग्राम, एक्स और व्हाट्सएप पर एक्टिव हुए नेता

# फेसबुक पर राजबब्बर और एक्स पर मनोहर अन्य प्रत्याशियों से आगे

रवींद्र राठी ▶▶| बहादुरगढ़

लोकसभा चुनावों को लेकर भाजपा, कांग्रेस, इनेलो व जजपा समेत सभी राजनीतिक दल शहर-शहर, गांव-गांव जाकर वोट मांग रहे हैं। चुनाव प्रचार में पारम्परिक माध्यमों के साथ ही इंटरनेट मीडिया की भी अपनी महत्वपूर्ण भूमिका है। देश की सबसे बड़ी पंचायत में जाने के इच्छुक प्रत्याशी भी इसे महत्व को समझते हैं। इसीलिए धरातल के साथ ही फेसबुक, इंस्टाग्राम, एक्स (ट्विटर) और व्हाट्सएप पर नेता एक्टिव नजर आ रहे हैं। फेसबुक पर फॉलोवरों की बात करें तो गुरुग्राम से कांग्रेस प्रत्याशी राज बब्बर सबसे आगे हैं। जबकि एक्स पर करनाल से भाजपा प्रत्याशी मनोहर लाल के सबसे अधिक फॉलोवर हैं।

#### लोगों की भी नजर

राजनेता इन दिनों सभी इंटरनेट प्लेटफार्म पर सक्रिय बने हुए हैं। उनके समर्थकों के साथ ही आमजन भी वहां उनकी गतिविधियों पर पैनी नजर बनाए हुए है। अधिकांश प्रत्याशी अपनी दिनभर की गतिविधियों को फेसबुक समेत अन्य इंटरनेट प्लेटफार्म पर सांझा कर रहे हैं। राजनीतिक दल मतदाताओं से जुड़ने के लिए अपने चुनाव प्रचार अभियान में डिजिटल माध्यम को प्राथमिकता दे रहे हैं।



#### एक्स पर मनोहर लाल के 23,66,31 फॉलोवर

एक्स (ट्विटर) पर करनाल से भाजपा प्रत्याशी मनोहर लाल खट्टर के 23 लाख 66 हजार 31 फॉलोवर हैं। जबकि गुरुग्राम से कांग्रेस प्रत्याशी राज बब्बर के 7 लाख 83 हजार 984 और रोहतक से कांग्रेस प्रत्याशी दीपेंद्र हुड्डा के 5 लाख 76 हजार 306 प्रत्याशी नवीन जिंदल के 3 लाख 21 हजार 901 और सिरसा से कांग्रेस प्रत्याशी कुमारी शैलजा के 2 लाख 1 हजार 556 फॉलोवर हैं। कुरुक्षेत्र से इनेलो प्रत्याशी अभय चौटाला के 1 लाख 57 हजार 199, सिरसा से भाजपा प्रत्याशी अशोक तंवर के 1 लाख 44 हजार 974, फरीदाबाद से भाजपा उम्मीदवार कृष्ण पाल गुर्जर के 1 लाख 44 हजार 297, गुरुग्राम से भाजपा उम्मीदवार राव इंद्रजीत के 1 लाख 16 हजार 982 तथा कुरुक्षेत्र से आम आदमी पार्टी के सुशील गुप्ता के 43 हजार 80 फॉलोवर हैं।

#### फेसबुक पर राजबब्बर के 13,86,53 फॉलोवर

फेसबुक की बात करें तो गुरुग्राम से कांग्रेस प्रत्याशी राज बब्बर के 13 लाख 86 हजार 453 तथा फरीदाबाद से भाजपा प्रत्याशी कृष्ण पाल गुर्जर के 13 लाख 48 हजार 274 फॉलोवर हैं। रोहतक सीट से कांग्रेस प्रत्याशी दीपेंद्र हुड्डा के 10 लाख 64 हजार 664 तथा सिरसा से कांग्रेस प्रत्याशी कुमारी शैलजा के 10 लाख 12 हजार 424 फॉलोवर हैं। राव इंद्रजीत सिंह के 9 लाख 13 हजार 392, मनोहर लाल खट्टर के 7 लाख 76 हजार 865 फॉलोवर हैं।


**OFFICE OF THE RETURNING OFFICER**
**SAINI CO-EDUCATION COLLEGE, ROHTAK**
**[Run by: Saini Education Society (Regd.), Rohtak]**

**SCHEDULE OF ELECTION OF GOVERNING BODY**
**SAINI CO-EDUCATION COLLEGE, ROHTAK**

| Sl.No. | Description | | Date | Time |
|---|---|---|---|---|
| 1 | Publication of Election Schedule | | 08-05-2024 | 10-00 AM |
| 2 | Display of the voter list i.e. elected & approved Collegium Members. | | 09-05-2024 | 10-00 AM Onwards |
| 3 | Filing & Receipt of Nomination Papers | President = 1<br>Vice President = 1<br>General Secy. = 1<br>Cashier = 1<br>Members of Governing Body = 11<br>Staff Representatives<br>Teaching Staff = 2<br>Non-teaching Staff = 1 | 19-05-2024 To 23-05-2024 | 10-00 AM To 02-00 PM |
| 4 | Scrutiny of Nomination Papers | | 27-05-2024 To 28-05-2024 | 10-00 AM To 03-00 PM |
| 5 | Displaying the list of contesting candidates | | 28-05-2024 | 04-00 PM |
| 6 | Withdrawal of candidature | | 29-05-2024 | 09-00 AM To 02-00 PM |
| 7 | Displaying the final list of contesting candidates | | 29-05-2024 | 04-00 PM |
| 8 | Allotment of symbols | | 30-05-2024 | 10-00 AM To 02-00 PM |
| 9 | Date of polling | Main Hall, Saini Senior Secondary School Campus, Rohtak | 16-06-2024 | 09-00 AM TO 2-00 PM |
| 10 | Counting of votes | | 16-06-2024 | Immediately after the closing of polling time. |
| 11 | Declaration of results | | 16-06-2024 | Immediately after the counting of votes |
| 12 | Issue of Certificates to the winners candidates. | | 16-06-2024 | Immediately after the results |

Note: A copy of the notification, along with the terms and conditions, is being sent to all the elected Collegium Members, duly approved by the competent authority, separately by registered post and for further enquiry please contact to the Office of Returning Officer on all working days from 10.00 AM to 4.00 PM..

**Place: Rohtak** **(Raj Kumar)**
**Date:7th May 2024** **Returning Officer**

**OFFICE OF THE RETURNING OFFICER**
**SAINI INSTITUTE OF GIRLS EDUCATION, ROHTAK**
**[Run by: Saini Education Society (Regd.), Rohtak]**

**SCHEDULE OF ELECTIONS OF GOVERNING BODY**
**SAINI INSTITUTE OF GIRLS EDUCATION, ROHTAK**

| Sl.No. | Description | | Date | Time |
|---|---|---|---|---|
| 1 | Publication of Election Schedule | | 08-05-2024 | 10-00 AM |
| 2 | Display of the voter list i.e. elected & approved Collegium Members. | | 09-05-2024 | 10-00 AM Onwards |
| 3 | Filing & Receipt of Nomination Papers | President = 1<br>Vice President = 1<br>General Secy. = 1<br>Cashier = 1<br>Members of Governing Body = 11<br>Staff Representatives<br>Teaching Staff = 2<br>Non-teaching Staff = 1 | 19-05-2024 To 23-05-2024 | 10-00 AM To 02-00 PM |
| 4 | Scrutiny of Nomination Papers | | 27-05-2024 To 28-05-2024 | 10-00 AM To 03-00 PM |
| 5 | Displaying the list of contesting candidates | | 28-05-2024 | 04-00 PM |
| 6 | Withdrawal of candidature | | 29-05-2024 | 09-00 AM To 02-00 PM |
| 7 | Displaying the final list of contesting candidates | | 29-05-2024 | 04-00 PM |
| 8 | Allotment of symbols | | 30-05-2024 | 10-00 AM To 02-00 PM |
| 9 | Date of polling | Room No. 8, Saini Senior Secondary School Campus, Rohtak | 16-06-2024 | 09-00 AM TO 2-00 PM |
| 10 | Counting of votes | | 16-06-2024 | Immediately after the closing of polling time. |
| 11 | Declaration of results | | 16-06-2024 | Immediately after the counting of votes |
| 12 | Issue of Certificates to the winners candidates. | | 16-06-2024 | Immediately after the results |

Note: A copy of the notification, along with the terms and conditions, is being sent to all the elected Collegium Members, duly approved by the competent authority, separately by registered post and for further enquiry please contact to the Office of Returning Officer on all working days from 10.00 AM to 4.00 PM..

**Place: Rohtak** **(Dr. Tilak Raj)**
**Date:7th May 2024** **Returning Officer**

**Government of India**
**Ministry of Environment,**
**Forest & Climate Regional Office, Chandigarh**

**Online Proposal No.: FP/HR/TRANS/422716/2023** **Dated: 30/01/2024**

To,
The Additional Chief Secretary (Forests),Government of Haryana,
Haryana Civil Secretariat, Chandigarh (fcforest@hry.nic.in)

**Subject: Diversion of 3.1070 ha. of Forest land in favour of Power Grid Transmission limited for construction of 765 KV S/C Meerut-Bhiwani (AL-59 ZEBRA) under Forest Division & District - Sonipat, Haryana. (Online Proposal No. FP/HR/Trans/422716/2023)-reg.**

**Ref: State Government's Stage-I Compliance Letter No. 5814-व-1-2023/8061dated 15.12.2023.**

Sir/Madam,

Kindly refer to the subject cited above and letter under reference for seeking prior approval in accordance with section 2 of the Van (Sanrakshan Evam Samvardhan) Adhiniyam, 1980 for diversionof **3.1070** ha forest land for non-forestry purpose. After careful examination of the proposal, I am directed to convey ***In-principle*** approval is hereby conveyed for the above-mentioned project, subject tothe following conditions:

**1. General Conditions**

| S. No. | Conditions |
|---|---|
| 1.1 | 1. Cost of **Compensatory Afforestation**, as per CA scheme, may be realized from the useragency.<br>2. Cost of **Additional Compensatory Afforestation**, as per CA scheme, may be realized from the user agency.<br>3. Net Present Value (NPV) of the forest land **3.1070 ha.** being diverted for non-forestry purpose may be realized from the user agency, as per Ministry's directions issued vide letters No.5- 3/2011-FC (Vol-I) dated 6th January 2022 and Hon'ble Supreme Court of India's Order **WP(C)No. 202/1995, I.A. No. In 566**, dated 30th October 2002, 28th March, 2008, 24th April, 2008 and 9th May 2008.<br>4. The Net Present Value (NPV) of the forest land and all other CA levies shall be deposited through web portal of Ministry of Environment, Forest and Climate Change www.parivesh.nic.in.<br>5. Complete compliance report will be uploaded in the e-portal (https://parivesh.nic.in/).<br>6. User agency should ensure that the compensatory levies (CA cost, NPV, etc.) are deposited through challan generated online on web portal and deposited in appropriate bank only. Amount deposited through other mode will not be accepted as compliance of the Stage-I clearance.<br>7. The complete compliance of the FRA, 2006 shall be ensured by way of prescribed certificate from the concerned District Collector.<br>8. NOC from Railway Department needs to be submitted. |

**2. Standard conditions**

| S. No. | Conditions |
|---|---|
| 2.1 | 1. The Legal status of the forest land shall remain unchanged.<br>2. The number of trees/plants to be felled shall not in any way exceed the number indicated in the proposal and no harm shall be done to the wildlife during felling of trees. The felling of trees/plants will be carried out under the strict supervision of the State Forest Department andthe amount spent on felling of trees/plants will be deposited by the user agency to the State Forest Department.<br>3. As per the proposed CA Scheme, Compensatory afforestation (CA) shall be taken up by the State Forest Department over degraded forest land ***Compartment No. H43014, Ottu Feeder RD 0-45 L&R, Range Kalanwali, District-Sirsa*** at the cost of the user agency. The Plantation shall be done within one year from the date of issue of approval. As far as possible, a mixture of local indigenous species shall be planted and monoculture of any species shall strictly be avoided.<br>4. As per the proposed CA Scheme, Additional Compensatory afforestation (ACA) shall be taken up by the State Forest Department over degraded forest land ***Compartment No. H43014, Ottu Feeder RD 0-45 L&R, Range Kalanwali, District-Sirsa*** at the cost of the user agency. The Plantation shall be done within one year from the date of issue of approval. As far as possible, a mixture of local indigenous species shall be planted and monoculture of any species shall strictlybe avoided.<br>5. The State Government shall upload the KML files of the degraded forest area accepted for raising compensatory afforestation in the *E-Green watch portal of FSI*, before handing over of forest land to the user agency.<br>6. The forest land shall not be used for any purpose other than that specified in the proposal.<br>7. The user agency shall pay additional amount of NPV as and when increased by the order of Hon'ble Supreme Court and the State Government will ensure that the increased amount is deposited.<br>8. No kind of damage will be done to the adjoining forest land. Simultaneously, all efforts will be made to save adjoining forest and forest land.<br>9. No labour camp shall be established on the forest land.<br>10. Sufficient firewood, preferably the alternate fuel, shall be provided by the User Agency to the labourer after purchasing the same from the State Forest Department or the Forest Development Corporation or any other legal source of alternate fuel.<br>11. The boundary of the diverted forest land shall be suitably demarcated on ground at the project cost, as per the directions of the concerned Divisional Forest Officer.<br>12. The forest land proposed to be diverted shall, under no circumstances, be transferred to any other agency, department, or person without approval of the Central Government.<br>13. The layout plan of the proposal shall not be changed without prior approval of Central Government.<br>14. Any other condition may be stipulated by this regional office from time to time, in the interest of conservation, protection and development of forests & wildlife.<br>15. User Agency shall obtain Environmental Clearance as per the provisions of the Environmental (Protection) Act, 1986, if applicable.<br>16. The initial permission will be given to this proposal for **99** years. After that the permission shall again be obtained from the Government of India. The period of diversion under this approval shall be co-terminus with the period of lease to be granted in favor of the user agency or the project life, whichever is less.<br>17. Violation of any of these conditions will amount to violation of Van (Sanrakshan Evam Samvardhan) Adhiniyam, 1980 and action would be taken as per para 1.16 of consolidated guideline and clarifications on Van (Sanrakshan Evam Samvardhan) Adhiniyam, 1980 and Van (Sanrakshan Evam Samvardhan) Rules, 2023, MoEF&CC. |

**3. Specific Conditions**

| S. No. | Conditions |
|---|---|
| 3.1 | 1. Width of right of way for the transmission line shall be limited to **67m**;<br>2. The user agency shall install circuit breakers at suitable places besides maintain necessary ground clearance to prevent electrocution of wild animals;<br>3. No approach road shall be constructed in the forest area for transportation of steel and other material required for the transmission line. As far as possible the User Agency shall use the existing road and the proposed RoW for the transportation of the material and in the event of non-availability of such facilities, the User Agency shall transport material manually without construction of any path. |
| 3.2 | **To minimize the felling for construction of transmission line, user agency shall comply with the following guidelines:**<br>1. Below each conductor, width clearance of (**10 mts. Hexagonal bundle/7m for quadruple bundle**) would be permitted for carrying the tension stringing equipment. The trees on such strips may be felled but after stringing work is completed, the natural regeneration will be allowed to come up.<br>2. One outer strip may be left clear to permit maintenance of the transmission line;<br>3. In the remaining width the right of way felling/pollarding/pruning of trees will be done with the permission of the local forest officer whenever necessary to maintain the electricalclearance, trees shall be allowed to be felled or lopped to the extent required, for preventing electrical hazards by maintaining the minimum **9-meter** clearance between conductors and trees. The sag and swing of the conductors are to be kept in view while working out the minimum clearance mentioned as above;<br>4. User agency in consultation with the State Forest Department prepare a detailed scheme for creation and maintenance of plantation of dwarf species (preferably medicinal plants) in right of way under the transmission line, and provide funds for execution of the said scheme to the State Forest Department; and<br>5. In case a portion of the transmission lines to be constructed is located in hilly areas, where adequate clearance is already available, trees shall not be cut; |
| 3.3 | It will be the responsibility of the State Government/User Agency to obtain all other prior approvals/ clearances under all other relevant Acts/Rules/ Court's Rulings/instructions, etc., including environmental clearance, as applicable to this proposal. |

After receipt of the compliance report on the fulfillment of the conditions mentioned above, the proposal shall be considered for final approval under section 2 of the Van (Sanrakshan Evam Samvardhan) Adhiniyam, 1980. Transfer offorest land shall not be affected till final approval is granted by the Government in this regard.

**Your's faithfully**
**(Raja Ram Singh)**
Dy. Inspector General of Forests (Central),
MoEF&CC, RO, Chandigarh

## खबर संक्षेप

### कृषि भारत का संस्करण 15 नवंबर से लखनऊ में

चंडीगढ़। भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) ने आज घोषणा की कि भारत के प्रमुख कृषि और खाद्य प्रौद्योगिकी मेले, सीआईआई एग्रो टेक इंडिया, जिसे अब कृषि भारत के नाम से जाना जाता है, का 16वां संस्करण 15 से 18 नवंबर 2024 तक लखनऊ में आयोजित किया जाएगा। सीआईआई एग्रोटेक इंडिया (अब कृषि भारत) के चंडीगढ़ में 15 सफल संस्करण हो चुके हैं, जो पड़ोसी क्षेत्रों के किसानों और कृषि-तकनीकी हितधारकों को एकजुट करने में सफल रहे।

### परशुराम जन्मोत्सव 19 को पहरावर में : जयहिंद

चंडीगढ़ । जयहिंद सेना प्रमुख डॉ नवीन जयहिंद ने कहा कि रविवार 19 मई पहरावर में भगवन परशुराम जन्मोत्सव मनाया जायेगा ।इसके लिए वे समाज और सभी रिदरियों के लोगों को बुलाने और निमंत्रण देने के लए आए हैं। जयहिंद ने कहा कि अयोध्या में राम मंदिर बना और पहरावर में परशुराम मंदिर बनेगा । लम्बे संघर्ष और लड़ाई के बाद यह जमीन सामज को मिली है । देश में अयोध्या में श्री राम की सबसे बड़ी मूर्ति लगाई गई हैं और पहरावर में 121 फीट भगवान परशुराम मंदिर मूर्ति निर्माण की नींव रखी जाएगी ।

### भाजपा को मिल रहा जनसमर्थन : विज

चंडीगढ़। पूर्व गृहमंत्री अनिल विज ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी को लोगों का बहुत समर्थन मिल रहा है और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को तीसरी बार भी प्रधानमंत्री बनने के लिए भारतीय जनता पार्टी के निशान कमल पर वोट देने का पूरा आश्वासन लोगों द्वारा दिया जा रहा है क्योंकि हम "एक देश श्रेष्ठ देश" की अवधारणा पर काम कर रहे है। श्री विज आज अंबाला छावनी सदर बाजार में भारतीय जनता पार्टी की उम्मीदवार बंतों कटारिया के पक्ष में आयोजित किए गए रोड शो के दौरान मीडिया कर्मियों द्वारा पूछे गए सवालों का जवाब दे रहे थे।

### ट्रक से भिड़ा कैंटर, चालक की मौत, हेल्पर गंभीर

गुरुग्राम। सिविल लाइन एरिया में तेज रफ्तार ट्रक के अचानक ब्रेक लगाने पर पीछे चल रहा कैंटर ट्रक से टकरा गया। हादसे में कैंटर चालक की मौत हो गई, जबकि हैल्पर की हालत गंभीर है। यूपी के एटा निवासी जोधसिंह ने कहा कि वह मानेसर की साईं ट्रांसपोर्ट में हैल्पर है। रात वह कैंटर में मारुति कंपनी से सामान लोड करके मानेसर से मारुति प्लांट के लिए चला था। गाड़ी को यूपी के कन्नौज निवासी शिवम चला रहा था। इसी दौरान झाड़सा फ्लाईओवर के ऊपर आगे चल रहे ट्रक ने अचानक ब्रेक लगा दिए। जिससे पीछे चल रहा कैंटर ट्रक से टकरा गया।

### कोर्ट परिसर में अलग से स्थापित होगा हेल्प डेस्क

पंचकूला। जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण के अध्यक्ष वेद प्रकाश सिरोही के मार्गदर्शन में 11 मई को जिला एवं सत्र न्यायालय परिसर पंचकूला और उपमंडल स्तरीय न्यायालय कालका में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। राष्ट्रीय लोक अदालत के लिए दोनों जगह अलग-अलग बेंच स्थापित किए जयेंगे। जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण के सचिव एवं सीजेएम राजेश कुमार यादव ने यह जानकारी दी।

---

सोनीपत के लक्ष्य इंटरनेशनल स्कूल का मामला, सभी बच्चे सुरक्षित

# दवा के छिड़काव से स्कूल में बिगड़ी 34 विद्यार्थियों की तबीयत, अस्पताल में भर्ती

- विधायक, एसडीएम व जिला शिक्षा अधिकारी ने उपचाराधीन बच्चों का हालचाल जाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर

लक्ष्य इंटरनेशनल स्कूल घसौली की कक्षाओं में कीटनाशक दवा के छिड़काव होने की वजह से मंगलवार की दोपहर को स्कूल के करीब 34 छात्रों की तबियत बिगड़ गई। हालत यह हो गई कि बच्चों को सांस लेने में परेशानी होने के साथ, उल्टी, आंखों व त्वचा में बुरी तरह से जलन होने लगी। कुछ बच्चे बेसुध भी हो गए। गन्नौर के उपमंडल अस्पताल के अलावा स्कूल द्वारा आनन-फानन में उन्हें तीन निजी अस्पतालों में भर्ती करवाया गया। जहां उपचार के बाद उनके स्वास्थ्य में सुधार हुआ। वहीं घटना की जानकारी मिलने के बाद स्थानीय विधायक निर्मल चौधरी, एसडीएम गन्नौर डा. निर्मल नागर व जिला शिक्षा अधिकारी नवीन गुलिया उपमंडल अस्पताल में और उपचाराधीन बच्चों का हालचाल जाना। निर्मल चौधरी ने स्कूल प्रबंधन की लापरवाही पर कड़ा संज्ञान लेते हुए एसडीएम से कमेटी का गठन कर जांच करवाने के निर्देश दिए। स्कूल लापरवाह कर्मियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। एसडीएम डा. निर्मल नागर ने स्कूल प्रबंधन को बुधवार को स्कूल बंद रखने के आदेश दिए हैं। उन्होंने निर्देश दिए कि बुधवार को स्कूल को बंद रख जिन कक्षाओं में कीटनाशक दवा का स्प्रे किया गया है उनकी अच्छी तरह से सफाई करवाई जाए।



गन्नौर। अस्पताल में छात्रों का इलाज करते हुए चिकित्सक ।

### रात के समय कीटनाशक दवा का स्प्रे

अधिकारियों व स्कूल प्रबंधन की तरफ से मिली जानकारी अनुसार लक्ष्य इंटरनेशनल स्कूल की कुछ कक्षाओं में गत सोमवार की रात कीटनाशक दवा के छिड़काव कर उन्हें बंद कर दिया गया। मंगलवार को जब बच्चे स्कूल पहुंचे तो कक्षाओं को खोला गया। कक्षा में कीटनाशक दवा की बदबू फैली हुई थी। इसके बावजूद बच्चों को कक्षाओं में बैठा दिया गया। जिससे अलग-अलग कक्षाओं के करीब 34 बच्चे कीटनाशक दवा की प्रभाव में आए और उनकी तबियत बिगड़ गई। जिसके बाद उन्हें अस्पतालों में भर्ती करवाया गया।

### जांच के लिए टीम का गठन

विधायक निर्मल चौधरी के निर्देश पर एसडीएम डा. निर्मल नागर ने मामले की जांच के लिए तीन सदस्यीय टीम का गठन कर दिया है। टीम में तहसीलदार, खंड शिक्षा अधिकारी व वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी को शामिल किया गया है। टीम अब स्कूल का निरीक्षण कर मामले की जांच करेगी और जांच रिपोर्ट एसडीएम को सौंपेगी। जिसके बाद आगामी कार्रवाई की जाएगी।

### बड़ी थाना पुलिस भी जांच में जुटी

बड़ी थाना प्रभारी महेश कुमार सूचना के बाद पहले स्कूल में पहुंचे और उन्होंने मौके का निरीक्षण किया। स्कूल का निरीक्षण करने के बाद वह उपमंडल अस्पताल में पहुंचे और उपचाराधीन बच्चों के ब्यान लिए। शिकायत मिलने पर आगामी कार्रवाई की जाएगी। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### स्वास्थ्य विभाग की टीम भी पहुंची स्कूल

उपमंडल अस्पताल की वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी टीना आनंद ने बताया कि स्कूल प्रबंधन द्वारा करीब 14 बच्चों को शहर के निजी अस्पताल में भर्ती करवाया गया था। सूचना मिलने पर उन्होंने तुरंत बेगा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के स्टाफ को स्कूल में भेजा तो वहां और बच्चे भी थे, जिनकी हालत खराब थी। स्वास्थ्य विभाग ने एंबुलेंस भेज कर उन बच्चों को भी अस्पताल में लाया गया। उपमंडल अस्पताल में 12 बच्चे दाखिल थे। महाराजा अग्रसेन अस्पताल में 20, अग्रवाल अस्पताल व विद्यादेवी अस्पताल में 1-1 बच्चे दाखिल थे। सभी बच्चों की हालत में सुधार है।

---

# कांग्रेस के लोस प्रत्याशी बुद्धिराजा को बड़ी राहत

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| चंडीगढ़



करनाल लोकसभा सीट से कांग्रेस के प्रत्याशी व हरियाणा युवा कांग्रेस के अध्यक्ष दिव्यांशु बुद्धिराजा को बड़ी राहत देते हुए पंजाब-हरियाणा हाईकोर्ट ने पंचकूला में दर्ज एफआईआर व इस मामले में भगोड़ा घोषित करने को चुनौती देने वाली याचिका पर हरियाणा सरकार व अन्य प्रतिवादियों को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। बुद्धिराजा ने याचिका में पंचकूला में दर्ज एफआइआर व इस संबंध में उसे भगोड़ा घोषित करने के पंचकूला की अदालत के आदेश को रद करने की मांग की थी। उसके खिलाफ वर्ष 2018 में मुख्यमंत्री रहे मनोहर लाल का विरोध करने पर एफआईआर दर्ज की गई थी। पंचकूला नगर निगम प्रशासक रहे राजेश जोगपाल की शिकायत पर मामला दर्ज किया गया था। बुद्धिराजा के खिलाफ सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान की एफआईआर में केस की सुनवाई के दौरान वह पेश नहीं हुए थे। मंगलवार को सुनवाई के दौरान याची पक्ष ने बताया कि उन्होंने पंचकूला की अदालत में आत्मसमर्पण कर दिया था और वहां से उन्हें जमानत मिल चुकी है। इस मामले में उनके खिलाफ दर्ज एफआईआर पर रोक लगाई जानी चाहिए।

### नूंह जिप के अध्यक्ष की बहाली का आदेश रोका

चंडीगढ़। नूंह जिला परिषद के अध्यक्ष पद पर जान मोहम्मद की बहाली के पंचायत विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव के आदेश को दोषपूर्ण मानते हुए पंजाब-हरियाणा हाईकोर्ट ने रोक लगा दी है। नूंह निवासी याहूदा मोहम्मद ने एडवोकेट मोहम्मद अरशद के माध्यम से याचिका दाखिल करते हुए बताया कि 2004 में फिरोजपुर झिरका की एसडीएम कोर्ट ने जान मोहम्मद को पंचायती भूमि पर कब्जा धारक मान बेदखली का आदेश जारी किया था। इस आधार पर याहूदा ने उनकी जिला परिषद में सदस्यता को चुनौती दी थी। हाईकोर्ट ने इस मामले में ग्राम विकास एवं पंचायत विभाग के निदेशक को कार्रवाई का आदेश दिया था। 9 अप्रैल को उन्होंने जान मोहम्मद को अयोग्य करार दिया था। जान मोहम्मद ने एसडीएम के 20 साल पुराने आदेश के खिलाफ अपील दाखिल कर दी। साथ ही डीसी के पास आवेदन दे दिया। डीसी ने भूमि के कब्जे को लेकर कमेटी गठित कर दी और कमेटी ने अपनी रिपोर्ट में जान मोहम्मद को क्लीन चिट दे दी। पंचायत विभाग के एसीएस ने उन्हें बहाल करने का आदेश जारी कर दिया था। इस मामले में हाईकोर्ट ने नूंह के डीसी को जमकर फटकार लगाई और कहा कि आपने असिस्टेंट कलेक्टर के अधिकार क्षेत्र में दाखिल होने का प्रयास किया है। अपील पर फैसला आने तक हाईकोर्ट ने जान मोहम्मद की बहाली के आदेश पर रोक लगा दी है।

---

# हरियाणा में बरामद की 7.24 करोड़ की नकदी

- लोकसभा चुनावों के दौरान एजेंसियां लगातार सक्रिय
- 2014 विस चुनावों के बाद से अब तक की सबसे बड़ी जब्ती

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| चंडीगढ़

हरियाणा में लोकसभा आम चुनाव-2024 को निष्पक्ष, स्वतंत्र और पारदर्शी तरीके से सम्पन्न करवाने के लिए निर्वाचन आयोग के साथ-साथ अन्य प्रवर्तन एजेंसियों द्वारा भी लगातार अवैध शराब, मादक पदार्थ और नकद राशि की मूवमेंट पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है। अब तक 7.24 करोड़ की नकद राशि जब्त की जा चुकी है। इसके अलावा, 30.05 करोड़ की अवैध शराब, मादक पदार्थ, और कीमती वस्तुएं भी जब्त की गई हैं। गौरतलब है कि यह आंकड़ा 2014 और 2019 के

मुख्य निर्वाचन अधिकारी अनुराग अग्रवाल ने बताया कि लोकसभा आम चुनाव 2024 की अवधि अभी समाप्त भी नहीं हुई है और इस बार अभी तक 7.24 करोड़ रुपये नकद, 12.94 लाख रुपये कीमत की 3,87,332.77 लीटर अवैध शराब, 12.55 करोड़ रुपये की कीमत के मादक पदार्थ, 1.80 करोड़ रुपये की कीमती वस्तुएं और 2.76 करोड़ रुपये की अन्य वस्तुएं जब्त की गई हैं।

वर्ष 2014 के विधानसभा चुनावों में 3.10 करोड़ रुपये नकद राशि, 2.69 करोड़ की अवैध शराब व 1.21 करोड़ रुपये के मादक पदार्थ सहित कुल 7 करोड़ रुपये की जब्ती की गई थी। इसी प्रकार, वर्ष 2019 के लोकसभा चुनावों के दौरान कुल 18.36 करोड़ रुपये की जब्ती की गई थी, जिसमें 2.74 करोड़ रुपये नकद, 6.23 करोड़ रुपये की अवैध शराब व 9.38 करोड़ रुपये के मादक पदार्थ शामिल हैं।

विधानसभा चुनाव-2019 के दौरान 5.17 करोड़ नकद, 9.73 करोड़ रुपये की अवैध शराब और 3.27 करोड़ रुपये के मादक पदार्थ, 4.14 लाख रुपये की चांदी जब्त की गई थी, जिनकी कुल कीमत 18.22 करोड़ रुपये बनती है।

### नगर निगम जगाधरी में ऑपरेटर को रिश्वत लेते रंगे दबोचा

चंडीगढ़। हरियाणा एंटी करप्शन ब्यूरो की टीम ने जिला यमुनानगर के जगाधरी नगर निगम में कार्यरत कंप्यूटर ऑपरेटर आशीष को 3000 की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया। आरोपी द्वारा शिकायतकर्ता से प्रॉपर्टी आईडी बनाने के बदले में रिश्वत की मांग की जा रही थी।

- आरोपी ने प्रॉपर्टी आईडी बनाने के बदले में की थी तीन हजार रिश्वत देने की मांग

प्रवक्ता ने बताया कि एंटी करप्शन ब्यूरो की टीम को सूचना प्राप्त हुई कि नगर निगम जगाधरी में कार्यरत कंप्यूटर ऑपरेटर आशीष द्वारा प्रॉपर्टी आईडी बनाने के बदले में 3000 की रिश्वत की मांग की जा रही है। तथ्यों की जांच पड़ताल करते हुए ब्यूरो की टीम ने आरोपी को पकडऩे के लिए योजना बनाई और आरोपी को 3000 की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के खिलाफ पंचकूला पुलिस थाने में मुकदमा दर्ज करते हुए उसकी गिरफ्तारी की गई है।

---

# शराब फैक्टरी के टैंक में ब्लास्ट, कर्मी की मौत

- सोनीपत के साथ ही पानीपत, रोहतक से बुलाए गए हैं फायर टेंडर, फॉम का भी किया प्रयोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

सदर थाना क्षेत्र के गांव जाहरी स्थित शराब फैक्टरी में मंगलवार दोपहर को अचानक स्प्रिट टैंक में आग लगने से ब्लास्ट हो गया। वहां काम कर रहे कर्मी काफी दूर खेत में जाकर गिरे और उनकी मौके पर ही मौत हो गई। उसके बाद आग भडक गई। आग पर काबू पाने का प्रयास किया जा रहा है। इसके लिए सोनीपत के साथ ही पानीपत, रोहतक, भिवानी, चरखीदादरी, करनाल, झज्जर से भी अग्निशमन विभाग की टीम मौके पर आग पर काबू पाने में लगी है। मामले की सूचना के बाद उपायुक्त भी मौके पर पहुंचे और आग पर काबू पाने के प्रबंधों की जायजा लिया।

गांव जाहरी स्थित शराब फैक्टरी में कर्मी काम कर रहे थे। दोपहर को अचानक स्प्रिट टैंक में आग लगने के साथ ही ब्लास्ट हो गया। ब्लास्ट से वहां काम कर रहे गांव सांदल निवासी संदीप करीब 120 मीटर दूर खेत में जाकर गिरे। हादसे में उनकी मौके पर ही मौत हो गई। जिस टैंक में ब्लास्ट हुआ उसमें करीब 20 हजार लीटर स्प्रिट बताया जा रहा है। उसके बाद फैक्टरी में आग लग गई। आग लगी देख कर्मी बाहर भागे। जिसके बाद मामले की सूचना अग्निशमन विभाग की टीम को दी। आग की सूचना के बाद सोनीपत के साथ ही पानीपत, रोहतक, भिवानी, चरखीदादरी, करनाल, झज्जर से भी अग्निशमन विभाग की टीम मौके पर बुलाई गई है। टीम आग पर काबू पाने का प्रयास कर रहे हैं। अभी आग लगने के कारणों का पता नहीं लग सका है।



सोनीपत। गांव जाहरी स्थित शराब फैक्टरी में स्थित टैंक में लगी आग।

**मौके पर पहुंचकर बचाव प्रबंधों को देखा**

फैक्टरी में आग की सूचना मिली थी। जिस पर मौके पर पहुंचकर बचाव प्रबंधों को देखा गया है। फायर ब्रिगेड की गाड़िया अलग-अलग जगह से बुलवाई गई है। आग पर काबू पाने का प्रयास जारी हैं। हादसे में एक कर्मी की मौत की जानकारी मिली है।
- **मनोज यादव**, उपायुक्त सोनीपत

### फैक्टरी में स्थापित दूसरा टैंक हुआ लीक

जिस टैंक में ब्लास्ट हुआ उसमें साथ ही फैक्टरी में एक अन्य स्प्रिट टैंक भी है। टैंक में ढाई लाख लीटर स्प्रिट बताया जा रहा है। उसमें आग पहुंचने से रोकने के प्रयास किए जा रहे है।

### हिसार: कार में आग लगने से जिंदा जल गया किशोर

हिसार। निकटवर्ती गांव नंगथला के पास हुए दर्दनाक सड़क हादसे में एक किशोर जिंदा जल गया जबकि उसका पिता बुरी तरह से झुलस गया। पेड़ से टकराने के बाद कार पलट गई और उसमें आग लग गई। घटनास्थल पर राहगीरों की भीड़ लग गई। दुर्घटना की सूचना पुलिस और दमकल विभाग को दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस और फायर ब्रिगेड की गाड़ी मौके पर पहुंच गई। फायर ब्रिगेड की गाड़ी जब तक आग पर काबू पाती तब तक कार में सवार किशोर जिंदा जल गया जबकि उसका पिता बुरी तरह से झुलस गया। घायल को उपचार के लिए अस्पाताल में भर्ती करवाया गया है। बरवाला का रहने वाला लगभग 40 वर्षीय राजबीर कारपेंटर का काम करता है। वह परिवार के साथ फतेहाबाद में रहता है। राजबीर आज अपने परिवार के अन्य सदस्यों से मिलने के लिए अपने 15 वर्षीय बेटे दीपांशु के साथ बरवाला आ रहा था। जब वे नंगथला गांव के पास पहुंचे तो कार का अचानक संतुलन बिगड़ गया और कार एक पेड़ से जा टकराई। पेड़ से टकराने के बाद कार पलट गई। कार के पलटते ही उसमें आग लग गई।

---

# हरियाणा सिविल सेवा के अधिकारी अमरजीत ने नौकरी को किया बाय

चंडीगढ़। हरियाणा सिविल सेवा के अधिकारी अमरजीत सिंह ने नौकरी को बाय-बाय कर दिया है। बताया जा रहा है कि वह आने वाले समय में सियासी पारी खेलने की तैयारी में हैं।अमरजीत सिंह इन दोनों राज्यपाल हरियाणा राज भवन में अपनी सेवाएं दे रहे थे।

सूत्रों का कहना है कि सरकार ने उनका इस्तीफा भी मंजूर नहीं किया है, जो अभी विचाराधीन है इस पूरे मामले में अधिकारी कुछ भी बोलने के लिए तैयार नहीं है। वे राज्यपाल हरियाणा राज भवन में उपसचिव के तौर पर अपनी सेवाएं दे रहे हैं। उन्होंने नौकरी से स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति के लिए आवेदन कर दिया है। हरियाणा सिविल सेवा के अधिकारी अमरजीत सिंह ने नौकरी को बाय-बाय करने का मन बनाया है। बताया जा रहा है कि वह आने वाले समय में सियासी पारी खेलने की तैयारी में हैं। गौरतलब है कि अमरजीत सिंह इन दोनों राज्यपाल हरियाणा राज भवन में अपनी सेवाएं दे रहे थे।

सीसीटीएनएस और आईसीजेएस के लिए बैठक

# नए आपराधिक कानून लागू करने की दिशा में प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| चंडीगढ़

हरियाणा के मुख्य सचिव टीवीएसएन प्रसाद ने बताया कि भारतीय न्याय संहिता-2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता-2023 और भारतीय साक्ष्य अधिनियम-2023 को लागू करने के लिए हरियाणा पूरी तरह से तैयार है। इस दिशा में राज्य के विभिन्न पुलिस प्रशिक्षण केंद्रों में नए आपराधिक कानूनों को लागू करने के लिए पर्याप्त संख्या में फील्ड अधिकारियों को प्रशिक्षित किया जा चुका है। इसके तहत जून 2024 तक लगभग 30 हजार फील्ड अधिकारियों को प्रशिक्षण दिलाया जाएगा। सीसीटीएनएस और आईसीजेएस के लिए राज्य शीर्ष कमेटी की एक बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। उन्होंने कहा कि एनसीआरबी द्वारा प्रदान किए गए एसओपी के एक पैच को पहले ही लागू किया जा चुका है। सीएएस के केस डायरी मॉड्यूल को ऑडियो-वीडियो सहित डिजिटल साक्ष्यों का रिकॉर्ड रखने के लिए साक्ष्य प्रबंधन प्रणाली के रूप में अनुकूलित किया गया है। डिजिटल साक्ष्यों की रिकार्डिंग के लिए आवश्यक उपकरण पुलिस मुख्यालय स्तर पर खरीदे जा रहे हैं। क्राइम सीन की रिकॉर्डिंग के लिए सभी थानों में टैबलेट भी उपलब्ध करवाए जाएंगे।

# हर साल 6 हजार करोड़ का दिया जा रहा फसली ऋण

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| चंडीगढ़

हरियाणा में कृषि को लाभकारी व्यवसाय बनाने और किसानों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के लिए हरियाणा राज्य सहकारी शीर्ष बैंक लिमिटेड (हारको बैंक) द्वारा पैक्स सदस्यों को इंटरेस्ट फ्री लोन प्रदान किया जा रहा है। इससे सालाना लगभग 5 लाख किसानों को लाभ मिल रहा है। हरको बैंक के प्रबंध निदेशक डॉ. प्रफुल्ल रंजन ने राज्य के सभी जिला केंद्रीय सहकारी बैंकों (डीसीसीबी) के महाप्रबंधकों के साथ इस संबंध में समीक्षा बैठक की। पैक्स सदस्यों को सात प्रतिशत ब्याज अनुदान दिया जा रहा है और किसानों को 1 लाख रुपये से लेकर 1.5 लाख रुपये तक का ऋण दिया जाता है। हर वर्ष लगभग 6 हजार करोड़ रुपये का फसली ऋण किसानों को दिया जा रहा है।

---

सीटीएम बोले, रक्तदान से होता है आत्म संतुष्टि का अनुभव

# रक्तदान का संदेश : 21 हजार किमी पैदल चला किरण

- किरण ने सीटीएम समेत अन्य अधिकारियों से की मुलाकात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

रक्तदान जागरूकता के लिए केरल की राजधानी तिरुवनंतपुरम से 21 हजार किलोमीटर की पैदल यात्रा की शुरूआत करने वाले सिंपली ब्लड कार्यक्रम चला रहे किरण वर्मा मंगलवार को रेवाड़ी पहुंचे। उन्होंने सीटीएम लोकेश कुमार सहित अन्य अधिकारियों से मुलाकात कर रक्तदान जागरूकता बारे अपना मोटिव शेयर किया। किरण वर्मा ने बताया कि उनकी यह पदयात्रा पिछले लगभग 2 वर्षों से अधिक समय से जारी है। उन्होंने कहा कि उनका मकसद पदयात्रा के माध्यम से लोगों में रक्तदान के प्रति जागरूकता फैलाना है ताकि हमारे देश में रक्त की कमी से किसी मृत्यु न हो। उन्होंने कहा कि यह पदयात्रा नए रक्तदाताओं को रक्तदान करने के लिए प्रोत्साहित करने के लिए है ताकि ब्लड बैंकों और अस्पतालों में रक्त की कमी न हो। इस अवसर पर सीटीएम लोकेश कुमार ने किरण वर्मा का उत्साहवर्धन करते हुए उनके रक्तदान जागरूकता मिशन की सराहना की। उन्होंने कहा कि हमारे द्वारा किए गए रक्तदान से कई लोगों की जिंदगियां बचाई जा सकती हैं। उन्होंने कहा कि रक्तदान का कितना महत्व है, इसका अहसास हमें तब होता है, जब हमारा कोई करीबी जिंदगी और मौत के बीच जूझ रहा होता है। रक्तदान कर हम जहां एक ओर किसी की जान बचाते हैं वहीं दूसरी ओर इससे हमें आत्म संतुष्टि का अनुभव भी होता है। रक्त देना जीवन रक्षा और पुण्य का काम हैं।




रेवाड़ी। सीटीएम लोकेश कुमार के साथ किरण वर्मा।

### 22 राज्यों को कवर करते हुए रेवाड़ी पहुंचा

किरण वर्मा ने बताया कि वह 22 राज्यों के 262 जिलों को कवर करते हुए रेवाड़ी पहुंचे हैं। उनकी पदयात्रा का समर्थन करने के लिए देश के विभिन्न हिस्सों में रक्तदान शिविर आयोजित किए गए हैं, जिनके माध्यम से 29,541 यूनिट से अधिक रक्त एकत्रित किया जा चुका है। इसके बाद वह गुरुग्राम, झज्जर, रोहतक व सोनीपत सहित अन्य हिस्सों को कवर करते हुए लोगों को रक्तदान करने को संदेश देंगे।

# बेटी से मारपीट का विरोध करना पड़ा महंगा

- दबंगों ने घर में घुसकर किया हमला,जमकर की तोड़फोड़, चार घायल, कार्रवाई की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नूंह

तावडू उपमंडल के जफराबाद गांव में दो पक्षों द्वारा जमकर झगड़ा करने का मामला सामने आया है।सामने आए एक पक्ष का दावा है कि दबंगों ने परिवार की लड़की से मारपीट की थी। इसका विरोध करने पर दबंगों ने पहले रास्ता में हमले का प्रयास किया।फिर साजिश के तहत जबरन घर में घुस हमला करते हुए तोड़फोड़ कर दी ।जिसमें लाखों रुपए के घरेलू सामान समेत चार वाहनों को भी बुरी तरह क्षतिग्रस्त कर दिया। इन्होंने 33 नामजद आरोपियों के विरुद्ध शिकायत देकर कार्रवाई की मांग की है।पुलिस विवाद की जांच में जुटी है।जफराबाद के रहने वाले फत्ते मोहम्मद ने बताया कि दबंगों ने पहले उनकी बेटी से मारपीट की थी।जिसका एतराज जताने पर वह दूसरे पक्ष के पास गए थे।लेकिन उन्हें धमकी देते हुए भगा दिया।इस संदर्भ में पुलिस को शिकायत दी।जिसके कारण दबंगों ने रंजिश बना ली।आरोप है कि बीते पांच मई सुबह के समय जब वह गांव के रास्ते से निकल रहा था तो दबंगों ने हाथों में लाठी, डंडे,पत्थर,सरिया व अवैध हथियार लेकर पीछा किया।किसी तरह अपने आपको बचाकर पुलिस को सूचना दी।पुलिस मौके पर पहुंची तो हमलावर पीछे हट गए।करीब दो घंटे बाद दो दर्जन से अधिक हमलावरों ने एक साजिश के तहत हाथों में अवैध हथियार लिए जबरन घर में घुसे।फिर उन्होंने परिवार सदस्यों को पीटना शुरू कर दिया।इस दौरान परिवार के आधा दर्जन सदस्य चोटिल हो गए। जबकि चार गंभीर रूप से घायल हुए। पीड़ति का कहना है कि इस दौरान हवाई फायरिंग की।कीमती घरेलू सामान में तोड़फोड़ कर दी।इसके अलावा दो ट्रैक्टर,दो कारों और एक मोटरसाइकिल को हमलावरों ने बुरी तरह क्षतिग्रस्त कर दिया।फत्ते मोहम्मद का दावा है कि हमलावरों ने अलमारी में रखें करीब एक लाख तीस हजार रुपए भी छीने हैं।



नूंह। पीड़ित के घर में दबंगों द्वारा तोड़फोड़ के बाद बिखरा पड़ा सामान।

## खबर संक्षेप

### सीजी पावर शुद्ध लाभ 233.81 करोड़ रुपए



**चेन्नई।** सीजी पावर एंड इंडस्ट्रियल सॉल्यूशंस लिमिटेड का वित्त वर्ष 2023-24 की चौथी तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ 233.81 करोड़ रुपये रहा। कंपनी का पिछले वित्त वर्ष 2022-23 की चौथी तिमाही में मुनाफा 426.22 करोड़ रुपये रहा था। सीजी पावर एंड इंडस्ट्रियल सॉल्यूशंस लिमिटेड का 31 मार्च 2024 को समाप्त वित्त वर्ष में शुद्ध लाभ 1,427.61 करोड़ रुपये रहा, जो वित्त वर्ष 2022-23 में 962.97 करोड़ रुपये था।

### आईडीबीआई बैंक को मिला जीएसटी मांग का नोटिस

**नई दिल्ली।** आईडीबीआई बैंक ने मंगलवार को कहा कि उसे कथित तौर पर अधिक इनपुट टैक्स क्रेडिट (आईटीसी) का लाभ लेने के लिए ब्याज और जुर्माने समेत 2.97 करोड़ रुपये की जीएसटी मांग का नोटिस मिला है। बैंक ने शेयर बाजार को दी गई सूचना में कहा कि देहरादून राज्य कर विभाग ने आईटीसी के कथित अतिरिक्त लाभ और उपयोग के लिए वित्त वर्ष 2018-19 से संबंधित माल एवं सेवा कर (जीएसटी) नियमों के तहत एक आदेश जारी किया है।

### सनकाइंड एनर्जी चार राज्यों में लगाएगी सौर रूफटॉप

**नई दिल्ली।** सौर ऊर्जा क्षेत्र की कंपनी सनकाइंड एनर्जी को पंजाब, हरियाणा समेत चार राज्यों में कुल 10 मेगावाट क्षमता की छतों पर लगने वाली सौर परियोजनाओं का ऑर्डर मिला है। कंपनी ने मंगलवार को बयान में कहा कि सीडार टेक्सटाइल्स से दो मेगावाट (एमडब्ल्यू पी), आदित्य बिड़ला समूह की कंपनी एबीआरईएल सोलर पावर से 1.5 मेगावाट, जिंदल स्टेनलेस से चार मेगावाट, जिंदल स्टील एंड पावर एक मेगावाट और एसबीएफ रैपिड से 1.5 मेगावाट की परियोजनाएं मिली हैं।

# वेटर रहे हुआंग की कमाई के सामने अंबानी-अदाणी फेल, बेजोस-मस्क के छूटे पसीने

## ब्लूमबर्ग बिलेनियर इंडेक्स की सूची के अनुसार हुआंग जुकरबर्ग को पछाड़ बने नंबर एक

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

कभी वेटर रहे एक शख्स की इस चार महीने की कमाई के आगे दुनिया के बड़े से बड़ा अरबपति भी पिछड़ गयाा है। चाहे एलन मस्क हों या मार्क जुकरबर्ग या फिर दुनिया के सबसे अमीर बर्नार्ड अर्नाल्ट ही क्यों न हों, जेनसेन हुआंग से पिछड़ गए हैं। ब्लूमबर्ग बिलेनियर इंडेक्स के मुताबिक जेनसेन हुआंग इस साल कमाई में मार्क जुकरबर्ग को पछाड़ नंबर वन बन गए हैं। जेनसेन हुआंग ने इस साल अबतक अपनी संपत्ति में 29.2 अरब डॉलर जोड़ने में कामयाब रहे। उनका कुल नेटवर्थ भले ही जुकरबर्ग के नेटवर्थ से काफी कम है, लेकिन इस साल इन्होंने कमाई में सभी को पीछे छोड़ दिया है। जेनसेन हुआंग 73.2 अरब डॉलर के नेटवर्थ के साथ दुनिया के अमीरों की लिस्ट में 20वें स्थान पर हैं।



हुआंग ने इस साल अबतक अपनी संपत्ति में 29. 2 अरब डॉलर जोड़े

### कभी वेटर थे हुआंग

हुआंग कंप्यूटर प्रोसेसर और एआई टेक्नॉलजी की अग्रणी कंपनी एनवीडिया के चेयरमैन हैं। हुआंग ने 1993 में कंपनी की सह-स्थापना की और 1999 में पहली ग्राफिक्स प्रोसेसिंग यूनिट पेश की। हुआंग ने कभी वेटर का भी काम किया लेकिन, आज इनकी गिनती दुनिया के सबसे अमीर लोगों में होती है। हुआंग एक समय डेनीस रेस्टोरेंट में बतौर वेटर भी काम करते थे।

### हुआंग का जन्म हुआ ताइवान में

1963 में ताइवान के ताइनान में जन्मे हुआंग का परिवार पहली बार थाईलैंड में रिलोकेट हुआ जब वह पांच साल के थे। नौ साल के थे तो दोनों भाई चाचा के साथ रहने के लिए टैकोमा, वाशिंगटन चले गए। उन्होंने अलोहा हाई स्कूल से ग्रैजुएशन किया।



### जुकरबर्ग दूसरे नंबर पर

जुकरबर्ग इस मामले में दुनिया में दूसरे नंबर पर हैं। इन्होंने इस साल अबतक 28.3 अरब डॉलर की कमाई की है। इनका कुल नेटवर्थ 156 अरब डॉलर है। तीसरे नंबर पर अमेजन के पूर्व सीईओ जेफ बेजोस हैं। इनकी इस साल की कमाई 24.3 अरब डॉलर है। इनके पास 201 अरब डॉलर की संपत्ति है। एलन मस्क ने इस साल 37.5 अरब डॉलर गंवाया है। मस्क की कुल संपति 191 अरब डॉलर रह गई है।

## नील्सनआईक्यू ने जारी तिमाही रिपोर्ट में किया आकलन पेश

# एफएमसीजी उद्योग की ग्रामीण खपत मार्च तिमाही में शहरी क्षेत्र से अधिक रहीः रिपोर्ट

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय एफएमसीजी (रोजमर्रा के उपभोग का सामान) उद्योग ने वर्ष 2024 की जनवरी-मार्च अवधि में राष्ट्रीय स्तर पर मात्रा के मामले में 6.5 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की है। इसके साथ ही पांच तिमाहियों में पहली बार ग्रामीण खपत ने शहरी मांग को पीछे छोड़ दिया है। नील्सनआईक्यू ने एक रिपोर्ट में यह आकलन पेश किया है।

■ पांच तिमाहियों में पहली बार ग्रामीण मांग ने शहरी मांग को पीछे छोड़ा


उपभोक्ताओं से जुड़ी सूचनाएं मुहैया कराने वाली फर्म नील्सनआईक्यू (एनआईक्यू) ने दैनिक उपभोग वाले उत्पादों (एफएमसीजी) पर जारी तिमाही रिपोर्ट में कहा है कि खाद्य एवं गैर-खाद्य दोनों क्षेत्रों ने खपत बढ़ाने में योगदान दिया, लेकिन भोजन की तुलना में गैर-खाद्य श्रेणी में वृद्धि लगभग दोगुनी रही।

### उद्योग का मूल्य 6.6 फीसदी बढ़ा

मार्च तिमाही में घरेलू एफएमसीजी उद्योग का मूल्य 6.6 प्रतिशत बढ़ा है जिसका श्रेय अखिल भारतीय स्तर पर मात्रा में 6.5 प्रतिशत वृद्धि को जाता है। मात्रात्मक वृद्धि एक साल पहले की समान तिमाही में 3.1 प्रतिशत रही थी।

### खपत रुझानों से प्रेरित रही

एनआईक्यू के उपभोक्ता खंड के प्रमुख रूजवेल्ट डिसूजा ने कहा, 'एफएमसीजी उद्योग की वृद्धि जनवरी-मार्च तिमाही में खपत रुझानों से प्रेरित रही है, जिसमें पांच तिमाहियों में पहली बार ग्रामीण क्षेत्रों ने शहरी वृद्धि को पीछे छोड़ दिया है।'



■ खाद्य एवं गैर-खाद्य दोनों क्षेत्रों ने खपत बढ़ाने में योगदान दिया

■ भोजन की तुलना में गैर-खाद्य श्रेणी में वृद्धि लगभग दोगुनी रही

### बड़े आकार के पैक की बिक्री लोकप्रियता की वजह से

डिसूजा ने कहा कि खासकर घरेलू एवं व्यक्तिगत देखभाल (एचपीसी) श्रेणियों ने खाद्य श्रेणियों से बेहतर प्रदर्शन किया है। खाद्य श्रेणियों में अधिक इकाइयों की बिक्री हुई है जबकि एचपीसी श्रेणी में वृद्धि काफी हद तक बड़े आकार वाले पैक की लोकप्रियता की वजह से दर्ज हुई है।

### पारंपरिक कारोबार में तेजी बनी हुई

एनआईक्यू ने कहा कि शहरी और आधुनिक कारोबार में खपत मंद पड़ी है जबकि ग्रामीण और पारंपरिक कारोबार में तेजी बनी हुई है। एनआईक्यू ने कहा, 'ग्रामीण मांग वृद्धि ने धीरे-धीरे रफ्तार पकड़ी है और शहरी क्षेत्र को पीछे छोड़ दिया है। शहरी उपभोक्ता मांग में क्रमिक गिरावट देखी जा रही है।'

### गैर-खाद्य में वृद्धि दोगुनी रही

रिपोर्ट कहती है कि अखिल भारतीय स्तर पर खाद्य एवं गैर-खाद्य दोनों क्षेत्रों ने उपभोग वृद्धि में योगदान दिया, लेकिन भोजन की तुलना में गैर-खाद्य में लगभग दोगुनी वृद्धि देखी गई।

### बड़ी कंपनियों का प्रदर्शन बेहतर रहा

एनआईक्यू ने कहा कि एफएमसीजी उद्योग में छोटी कंपनियों की तुलना में बड़ी कंपनियों का प्रदर्शन बेहतर है। हालांकि, बीती दो तिमाहियों में बड़ी कंपनियों की तुलना में छोटी कंपनियों ने गैर-खाद्य श्रेणियों में उच्च मात्रा वृद्धि दर देखी है।

# बड़े शहरों में खाली पड़े शॉपिंग मॉल की संख्या बढ़कर 64 हुई

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

देश के आठ प्रमुख शहरों में खाली पड़े शॉपिंग मॉल की संख्या पिछले साल 57 से बढ़कर 64 हो गई। इसकी वजह खुदरा विक्रेता और उपभोक्ताओं के प्रीमियम संपत्तियों को तरजीह देना है। रियल एस्टेट सलाहकार नाइट फ्रैंक इंडिया ने मंगलवार को 'थिंक इंडिया थिंक रिटेल 2024' शीर्षक से एक रिपोर्ट जारी की। इसमें 29 शहरों के शॉपिंग सेंटर और बड़े बाजारों पर गौर किया गया है। रिपोर्ट के अनुसार, आठ प्रमुख महानगरों में खाली पड़ी खुदरा संपत्तियों की संख्या तेजी से बढ़ी है। करीब 1.33 करोड़ वर्ग फुट सकल पट्टे योग्य क्षेत्र वाले 64 शॉपिंग मॉल को 2023 में 'घोस्ट शॉपिंग सेंटर' के रूप में वर्गीकृत किया गया। 'घोस्ट शॉपिंग सेंटर' से तात्पर्य उन मॉल से है जो 40 प्रतिशत से अधिक खाली हैं। क्षेत्रफल की बात करें तो यह पिछले वर्ष (2022) के 84 लाख वर्ग फुट से 58 प्रतिशत अधिक है। नाइट फ्रैंक ने खाली पड़े शॉपिंग केंद्रों की संख्या में वृद्धि के चलते 2023 में 6,700 करोड़ रुपये या 79.8 करोड़ अमेरिकी डॉलर का नुकसान होने का अनुमान लगाया है।

■ रियल एस्टेट सलाहकार नाइट फ्रैंक इंडिया ने जारी की रिपोर्ट



### हैदराबाद में संख्या 19 फीसदी घटी

हैदराबाद में केवल ऐसे मॉल की संख्या 19 प्रतिशत घटी है। कोलकाता में इनमें सबसे अधिक सालाना आधार पर 237 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है। नाइट फ्रैंक इंडिया के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक शिशिर बैजल ने कहा, 'बढ़ती खर्च योग्य आय, युवा जनसांख्यिकी और शहरीकरण से प्रेरित उपभोग की गति संगठित खुदरा क्षेत्र के पक्ष में है।'

## सोने में 200 रुपये की बढ़त चांदी में 700 रुपये का उछाल



**नई दिल्ली।** वैश्विक बाजारों में मजबूती के रुख के अनुरूप बहुमूल्य धातुओं की कीमतों में मंगलवार को लगातार दूसरे दिन तेजी जारी रही। राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में सोना 200 रुपये की बढ़त के साथ 72,450 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ। एचडीएफसी सिक्योरिटीज ने यह जानकारी दी। पिछले कारोबारी सत्र में सोना 72,250 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। चांदी की कीमत भी 700 रुपये के उछाल के साथ 85,000 रुपये प्रति किलोग्राम पर पहुंच गई। इससे पिछले कारोबारी सत्र में चांदी 84,300 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी।

## आईआरबी इंफ्रास्ट्रक्चर का टोल राजस्व बढ़ा

**नई दिल्ली।** आईआरबी इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपर्स का अप्रैल में टोल राजस्व संग्रह 29 प्रतिशत बढ़कर 503 करोड़ रुपये रहा। कंपनी ने पिछले वर्ष इसी महीने टोल संग्रह से 388 करोड़ रुपये का राजस्व हासिल किया था। आईआरबी इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपर्स के उप मुख्य कार्यपालक अधिकारी अमिताभ मुरारका ने कहा, 'वित्त वर्ष 2023-24 में टोल संग्रह सालाना आधार पर 24 प्रतिशत बढ़ा। नए साल की शुरुआत में 29 प्रतिशत की मजबूत वृद्धि काफी आशाजनक लग रही है।'

हरिभूमि क्लासीफाइड विज्ञापन

**सूचना**

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

**छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ**

**शिक्षा**

भारतीय पुनर्वास परिषद (RCI) नई दिल्ली
द्वारा मान्यता प्राप्त COLLGE CODE : HR041
सरकारी शिक्षक व विशेष शिक्षक बनने का सुनहरा अवसर
D.Ed Spl. Ed. (IDD/HI) (द्वि-वर्षीय पाठ्यक्रम)
JBT/BTC/BSTC के समकक्ष
ANM 2 Year
DPT फिजियोथेरेपी 2 Year
D.Pharma एलोपैथी 2 Year
केवल RCI द्वारा निर्धारित फीस
योग्यता : 10+2 50 प्रतिशत अंको के साथ (General) एवम् 45 प्रतिशत अंको के साथ SC/ST/PH
DIRECT Admission OPEN
ग्रीन वैली इंस्टीट्यूट ऑफ स्पेशल एजुकेशन एण्ड रिहैबिलिटेशन सैन्टर
पटेल नगर, निकट शिव मन्दिर वाली गली, सोनीपत
CONTACT : 9813342781

# सेंसेक्स 384 अंक टूटा, निफ्टी 140 अंक के नुकसान में

एजेंसी ▶▶| मुंबई

स्थानीय शेयर बाजारों में मंगलवार को गिरावट रही और बीएसई सेंसेक्स 384 अंक टूट गया। शेयरों का मूल्यांकन ऊंचा होने को लेकर चिंता के बीच एचडीएफसी बैंक, रिलायंस इंडस्ट्रीज और आईसीआईसीआई बैंक में बिकवाली से बाजार नीचे आया। तीस शेयरों पर आधारित सेंसेक्स ने शुरुआती बढ़त को गंवा दिया और अंत में यह 383.69 अंक की गिरावट के साथ 73,511.85 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 636.28 अंक तक लुढ़क गया था। निफ्टी भी 140.20 अंक की गिरावट के साथ 22,302.50 अंक पर बंद हुआ। असीत सी मेहता इन्वेस्टमेंट इंटरमीडिएट्स लि. में सहायक उपाध्यक्ष हृषिकेश येदवे (तकनीकी और डेरिवेटिव्स रिसर्च) ने कहा, 'घरेलू शेयर बाजार मंगलवार को बढ़त के साथ खुला। हालांकि, कुछ उतार-चढ़ाव के बाद बाजार में बड़े स्तर पर मुनाफावसूली देखने को मिली।'



### ये शेयर रहे लाभ में

सेंसेक्स के शेयरों में पावरग्रिड, इंडसइंड बैंक, टाटा मोटर्स, जेएसडब्ल्यू स्टील, एनटीपीसी, एचसीएल टेक्नोलॉजीज, टाटा स्टील, आईसीआईसीआई बैंक, महिंद्रा एंड महिंद्रा, एक्सिस बैंक, एचडीएफसी बैंक और रिलायंस इंडस्ट्रीज प्रमुख रूप से नुकसान में रहे।

### इनमें रहा नुकसान

दूसरी तरफ हिंदुस्तान यूनिलीवर पांच प्रतिशत से अधिक चढ़ गया। लाभ में रहने वाले अन्य शेयरों में टेक महिंद्रा, नेस्ले, आईटीसी, विप्रो, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज और कोटक महिंद्रा बैंक शामिल हैं।

**हैप्पिएस्ट माइंड्स टेक का मुनाफा 24.83 फीसदी बढ़ा (नई दिल्ली)।** सूचना प्रौद्योगिकी कंपनी हैपिएस्ट माइंड्स टेक्नोलॉजीज का वित्त वर्ष 2023-24 की चौथी तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ 24.83 प्रतिशत बढ़कर 71.98 करोड़ रुपये रहा।

**नगर निगम रोहतक**

**सार्वजनिक सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगर निगम, रोहतक की कर शाखा के सम्पत्तिकर के रिकार्ड में नई प्रोपर्टी आई0डी0 नं0. 1HKRGV21 पुरानी प्रोपर्टी आई0डी0 नं0 48C300U58 वार्ड न0/पता Chamanpura, Chuni pura पुराने एन0डी0सी0 रिकार्ड में Ved Kumari w/o Late Captain Kanwar Singh सर्वे के अनुसार नए एन0डी0सी0 रिकार्ड में Ved Kumari W/o Late Captain Kanwar Singh नाम से दर्ज है। अब नगर निगम के रिकार्ड में इस आई0डी0 नं0 में प्रार्थी जिसका नाम Ved Kumari, Kuldeep Singh,Karan Singh के द्वारा वसीयत / वारसान के आधार पर अपने नाम तबदील करवाना चाहते है जिसकी वारसान रिपोर्ट तहसीलदार, रोहतक द्वारा तसदीक की गई है। यदि किसी भी जनसाधारण को इनके नाम तबदील करने में कोई भी आपत्ति है तो 30 दिन के अन्दर अन्दर नगर निगम कार्यालय में अपनी आपत्ति दर्ज करवाये, अन्यथा प्रोपर्टी टैक्स में उसके नाम तबदील कर दी जायेगी। जिसके लिए नगर निगम, रोहतक कोई उत्तरदायी नहीं होगा।

क्रमांक: MCR/ZTO/2024/3932 दिनांक: 29/04/2024
क्षेत्रीय कराधान अधिकारी नगर निगम, रोहतक

# कारोबारी घंटे बढ़ाने का एनएसई का प्रस्ताव सेबी ने ठुकराया

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

सिक्योरिटीज एंड एक्सचेंज बोर्ड ऑफ इंडिया (सेबी) ने डेरिवेटिव सेगमेंट में शेयर बाजार में कारोबारी समय के विस्तार के लिए नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) के प्रस्ताव को वापस कर दिया है। ब्रोकर समुदाय के बीच आम सहमति की कमी के कारण सेबी ने ये फैसला लिया है। सेबी ने एक्सचेंजों की ओर से ट्रेडिंग समय बढ़ाने के प्रस्ताव को खारिज कर दिया है। शेयर बाजार में कुछ समय से ट्रेडिंग के घंटे बढ़ाने के लिए कुछ वर्ग से मांग की जा रही थी जिस पर अब सेबी ने ये फैसला सुनाया है।

■ डेरिवेटिव सेगमेंट में समय बढ़ाना का प्रस्ताव एनएसई को किया वापस



### आज कैसा है शेयर बाजार का हाल

बाजार की शुरुआत तो तेजी के साथ हुई थी लेकिन दिन के कारोबार के समय सेंसेक्स 248.85 अंक या 0.34 फीसदी की गिरावट के साथ 73,646 तक नीचे आ गया था। इसके अलावा निफ्टी में भी 73.80 अंकों की गिरावट के बाद 22,368 के लेवल पर कारोबार देखा गया।

**गुमशुदा की तलाश**



प्रियंका

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि एक महिला जिसका नाम **प्रियंका, पुत्रीः सोम बीर सिंह, पताः म. नं. 1882/2, राजेंद्र कॉलोनी, भिवानी चुंगी, पुलिस थाना सब्जी मंडी, जिला रोहतक, हरियाणा जोकि दिनांक 21.04.2024 को दोपहर 02:00 बजे हल्लन चौक, पुराना सीलमपुर, गांधी नगर, दिल्ली से गुमशुदा है।** इस सन्दर्भ में **DD No. 41 A, Dated 21.04.2024,** पुलिस थाना, गांधी नगर, दिल्ली में दर्ज है। नीचे गुमशुदा महिला की पहचान दी गई हैः

**नामः प्रियंका, उम्रः 22 वर्ष, कदः 5′5″, रंगः गोरा, चेहराः गोल, शरीरः पतला, पहनावाः नीले रंग का सूट व सलवार और पैरों में लेडी चप्पल।**

अगर किसी को इस गुमशुदा महिला के बारे में कोई जानकारी मिले कृपया थाना प्रभारी, गांधी नगर, दिल्ली को संपर्क करें।

वेबसाइटः http://cbi.nic.in, ई-मेलः cic@cbi.gov.in
फोनः 011-24368638/24368641, फैक्सः 011-24368639

थाना प्रभारी
पुलिस थाना, गांधी नगर, दिल्ली
फोनः 011-22082235, 7065036024

DP/4823/SHD/2024

## राशिफल

**मेष** — धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश जाने के योग बन रहे हैं। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भाइयों का साथ मिलेगा।

**वृष** — वाणी में मधुरता तो रहेगी, परन्तु मन परेशान रहेगा। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिल सकते हैं।

**मिथुन** — शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। कारोबार में परिश्रम अधिक रहेगा, परन्तु लाभ में कुछ कमी आ सकती है। क्रोध पर नियंत्रण रखें।

**कर्क** — आत्मविश्वास में कमी आएगी। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। कुटुम्ब के बुजुर्ग के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव रहेगा।

**सिंह** — सम्पत्ति में वृद्धि के योग बन रहे हैं। परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। मित्रों का सहयोग मिलेगा। किसी नए कारोबार की शुरुआत करेंगे।

**कन्या** — किसी पुराने मित्र से भेंट हो सकती है। सुस्वादु खानपान में रुचि बढ़ सकती है। कारोबार में परिश्रम अधिक रहेगा। संबंधों में निकटता आएगी।

**तुला** — मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। शैक्षिक एवं शोधादि कार्यों के लिए किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं।

**वृश्चिक** — शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। नौकरी में अफसरों का सहयोग तो मिलेगा, परन्तु कार्यक्षेत्र में वृद्धि हो सकती है।


**धनु** — आत्मविश्वास भी भरपूर रहेगा। घर-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्च बढ़ेंगे। वाणी पर नियंत्रण रखें।

**मकर** — व्यर्थ के क्रोध से बचें। लाभ में वृद्धि होगी। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है। सुखद समाचार मिलेगा।

**कुंभ** — मन अशान्त हो सकता है। संयत रहें। आलस्य भी बढ़ सकता है। सन्तान सुख में वृद्धि होगी। कारोबार में कुछ सुधार होगा।

**मीन** — परिवार की समस्या परेशान कर सकती है। आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति हो सकती है। नौकरी में कोई नई जिम्मेदारी मिल सकती है।


## शब्द पहेली - 5504



**बाएँ से दाए-**
1. हाईकमान-5
4. बुशर्ट, शर्ट-3
6. लाख, गोंद-2
7. प्रतिज्ञा-3
8. मां का भाई-2
10. धनवान, रईस-3
11. मरने के बाद शरीर को परीक्षण के लिये दान करना-4
14. जिज्ञासा, उत्साह-3
16. अनगिनत-4
17. वर्ष, बरस-2
18. लय, स्वर-2
19. गदर, बलवा-4
21. ईर्ष्या-3
22. गरुर, घमंड-4
24. राजा, सम्राट-3
25. पानी से सराबोर-2
27. व्यर्थ, फिजूल-3
28. चतुर्थ, चौथा-2
29. बहने का भाव-3
30. मन मोहने वाला-5

**ऊपर से नीचे**
1. आरामदायी-5
2. एक अनमोल रत्न, दुलारा-2
3. सेवा शुल्क-4
4. अभिव्यक्ति-3
5. बचत, जोड़-2
7. वहम-2
9. स्वामी-3
12. प्रवेश-3
13. धरोहर, थाती-4
15. तरंग, हिलोर-3
16. निरंकुश, मुंहजोर-4
17. किनारा, तट
18. कामधेनू, सुगंध-3
20. नुकसानदेह-5
21. दुनिया, जग-3
22. कहासुनी-4
23. चयन-3
24. चट्टान, शिला (अंग्रेजी-2)
26. ईश्वर, भगवान-2
28. प्रेम, लगन-2

**शब्द पहेली -5503 का हल**



## सूडोकु नवताल- 5515

★☆☆☆☆ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | | | | 2 | 6 | | 3 |
| | | | 4 | | | | | |
| 1 | 3 | 5 | | 8 | | | | |
| | 2 | | | 1 | | | 7 | 8 |
| | | | | | | | | |
| 6 | 7 | | | 9 | | | 2 | |
| | | | | 6 | | 5 | 9 | 2 |
| | | | | | 3 | | | |
| 2 | | 8 | 5 | | | | 6 | 1 |

■ MANGAL SENACHA, BANGALORE

■ प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
■ प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
■ पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
■ पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल- 5514 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 3 | 2 | 9 | 5 | 6 | 1 | 7 | 8 |
| 6 | 8 | 5 | 7 | 1 | 4 | 9 | 2 | 3 |
| 9 | 1 | 7 | 3 | 8 | 2 | 4 | 5 | 6 |
| 3 | 4 | 8 | 6 | 2 | 7 | 5 | 1 | 9 |
| 5 | 6 | 1 | 8 | 4 | 9 | 2 | 3 | 7 |
| 2 | 7 | 9 | 5 | 3 | 1 | 6 | 8 | 4 |
| 1 | 9 | 3 | 4 | 7 | 5 | 8 | 6 | 2 |
| 8 | 2 | 4 | 1 | 6 | 3 | 7 | 9 | 5 |
| 7 | 5 | 6 | 2 | 9 | 8 | 3 | 4 | 1 |

# महिला टी-20 विश्व कप 2024: भारत की भिड़ंत 6 अक्टूबर को पाकिस्तान से

## बांग्लादेश में 3 अक्टूबर से शुरू होगा विश्व कप

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल ने बांग्लादेश में 3 से 20 अक्टूबर तक होने वाले 9वें आईसीसी महिला टी20 वर्ल्ड कप 2024 के शेड्यूल का ऐलान कर दिया। 18 दिन तक चलने वाले इस विश्व कप में 10 टीमों के बीच कुल 23 मुकाबले खेले जाएंगे। बांग्लादेश के दो वेन्यू शेर-ए-बांग्ला नेशनल क्रिकेट स्टेडियम और सिलहट इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में टी20 विश्व कप के मैच खेले जाएंगे। महिला टी20 वर्ल्ड कप 2024 का शेड्यूल ढाका में हुए एक कार्यक्रम में घोषित किया गया। कार्यक्रम के अनुसार भारत-पाकिस्तान के बीच 6 अक्टूबर को भिड़ंत होगी।

### पीएम शेख हसीना ने दी कप्तानों को बधाई

बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड द्वारा कार्यक्रम की घोषणा के समय बोर्ड के अध्यक्ष नजमुल हसन, आईसीसी के सीईओ ज्योफ एलार्डिस और भारत और बांग्लादेश महिला क्रिकेट टीम की कप्तान- हरमनप्रीत कौर और निगार सुल्ताना ने भी हिस्सा लिया। बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना ने अपने घर पर भारतीय और बांग्लादेश की महिला टीम की कप्तानों से मुलाकात की और एक सफल विश्व कप के लिए शुभकामनाएं दीं।




### भारत-पाकिस्तान एक ही ग्रुप में

ग्रुप-ए में 6 बार के विजेता ऑस्ट्रेलिया, भारत, न्यूजीलैंड, पाकिस्तान और क्वालीफायर 1 शामिल हैं, जिनके मैच सिलहट में होंगे। बी ग्रुप में मेजबान बांग्लादेश, इंग्लैंड, दक्षिण अफ्रीका, वेस्टइंडीज और क्वालीफायर 2 के बीच ग्रुप-बी मैच ढाका में खेले जाएंगे।

### भारतीय टीम का शेड्यूल

पहला मैच 4 अक्टूबर, न्यूजीलैंड से
दूसरा मैच 6 अक्टूबर, पाकिस्तान से
तीसरा मैच 9 अक्टूबर, क्वालिफायर-1
चौथा मैच 13 अक्टूबर, ऑस्ट्रेलिया से

### ओपनिंग मैच साउथ अफ्रीका-इंग्लैंड के बीच

टी20 वर्ल्ड कप के शुरुआती दिन यानी 3 अक्टूबर को ढाका में शाम के मैच में बांग्लादेश का सामना क्वालीफायर 2 से होगा। इससे पहले, 2023 की रनरअप दक्षिण अफ्रीका टी20 विश्व कप के शुरुआती मैच में इंग्लैंड से भिड़ेगी।

## चैंपियंस ट्रॉफी 2025 : लाहौर में भारत के मैच कराना चाहता है पाकिस्तान, आईसीसी को भेजा प्रस्ताव



**लाहौर।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने अगले साल पाकिस्तान में प्रस्तावित चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के लिए रूपरेखा बनाना शुरू कर दिया है। इसके तहत उसने भारतीय क्रिकेट टीम के सभी मैच लाहौर में कराने का निर्णय किया है। इसको लेकर उसने इंटरनेशन क्रिकेट काउंसिल को प्रस्ताव भेज दिया है। हालांकि, वनडे प्रारूप में होने वाले 8 टीमों के इस टूर्नामेंट के कार्यक्रम को अंतिम रूप नहीं दिया गया है, लेकिन इसके फरवरी के मध्य में शुरू होने की संभावना है।

### भारत के पाक जाने पर संशय

इस योजना के बाद भी भारत के अभी चैंपियन ट्रॉफी के लिए पाकिस्तान जाने को लेकर संशय बना हुआ है। इसका कारण दोनों देशों के बीच तनाव और पिछले साल एशिया कप के लिए भारत द्वारा पाकिस्तान जाने से इनकार करना है। ऐसे में पीसीबी की इस योजना के बाद भी भारत के वहां जाने पर कुछ कहा नहीं जा सकता है। इसी तरह अभी पीसीबी को अपनी योजना पर आईसीसी की इजाजत मिलने का भी इंतजार करना होगा।

**पहली बार पाक में होगा चैंपियंस ट्रॉफी का आयोजन**

पाकिस्तान चैंपियंस ट्रॉफी का मौजूदा चैंपियन है, जिसने 2017 में ओवल में खेले गए फाइनल में भारत को हराया था। यदि पाकिस्तान इस मेगा टूर्नामेंट का आयोजन करता है तो यह पहली बार होगा, जब उसे इस टूर्नामेंट की मेजबानी मिलेगी।

### आईपीएल पाइंट टेबल

| टीम | मैच | जीते | हारे | अंक |
|---|---|---|---|---|
| कोलकाता | 11 | 8 | 3 | 16 |
| राजस्थान | 11 | 8 | 3 | 16 |
| चेन्नई | 11 | 6 | 5 | 12 |
| हैदराबाद | 11 | 6 | 5 | 12 |
| दिल्ली | 12 | 6 | 6 | 12 |
| लखनऊ | 11 | 6 | 5 | 12 |
| बेंगलोर | 11 | 4 | 7 | 8 |
| पंजाब | 11 | 4 | 7 | 8 |
| मुंबई | 12 | 4 | 8 | 8 |
| गुजरात | 11 | 4 | 7 | 8 |

ऑरेंज कैप



विराट कोहली
542 रन
बेंगलोर

पर्पल कैप



जसप्रीत बुमराह
18 विकेट
मुंबई

बाउंड्री मीटर

1703 चौके
972 छक्के

### खबर संक्षेप



#### सीएसके फैन पर टूटा मिचेल का कहर, एक शॉट से दिए दो जख्म

**नई दिल्ली।** पांच बार की आईपीएल विजेता चेन्नई सुपर किंग्स ने न्यूजीलैंड के ऑलराउंडर डैरिल मिचेल को आईपीएल 2024 की नीलामी में 14 करोड़ की भारी-भरकम रकम देकर खरीदा था। मिचेल ने टीम को अभी तक कुछ खास फायदा तो पहुंचाया नहीं है बल्कि उल्टा टीम के फैन का अच्छा-खासा का नुकसान कर दिया। दरअसल, मिचेल जब प्रैक्टिस कर रहे थे तब उन्होंने ऐसा शॉट लगाया कि उनकी गेंद वीडियो बना रहे एक फैन के आईफोन पर लगा जिससे न केवल आईफोन टूट गया बल्कि उसे चोट भी पहुंची।

#### केकेआर की टीम ने काशी विश्वनाथ के दरबार में टेका माथा

**मुंबई।** कोलकाता ने रविवार को लखनऊ को उसके ही घर में घुसकर 98 रनों से करारी हार दी। इस जीत के बाद सोमवार को टीम को अपने घर कोलकाता में जाना था। टीम फ्लाइट में बैठ गई थी लेकिन कोलकाता में मौसम बिगड़ने के कारण फ्लाइट को गुवाहाटी भेज दिया गया लेकिन खराब मौसम के कारण यहां भी टीम नहीं उतर सकी और फिर सुबह तीन बजे टीम वाराणसी उतरी।

## कैपिटल्स की उम्मीदें कायम, राजस्थान का प्लेऑफ का इंतजार बढ़ा

# पोरेल व फ्रेजर-मैकगर्क के अर्धशतक दिल्ली ने रॉयल्स को 20 रन से हराया

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सलामी बल्लेबाजों अभिषेक पोरेल और जेक फ्रेजर-मैकगर्क के अर्धशतक के बाद गेंदबाजों के उम्दा प्रदर्शन से दिल्ली कैपिटल्स ने इंडियन प्रीमियर लीग में मंगलवार को यहां राजस्थान रॉयल्स को 20 रन से हराकर प्ले ऑफ में जगह बनाने की अपनी उम्मीदों को जीवंत रखा। दिल्ली के 222 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए सैमसन (46 गेंद में 86 रन, आठ चौके, छह छक्के) के बड़े अर्धशतक के बावजूद रॉयल्स की टीम आठ विकेट पर 201 रन ही बना सकी। रियान पराग (27) और शुभम दुबे (25) अच्छी शुरुआत को बड़ी पारी में बदलने में नाकाम रहे। दिल्ली की तरफ से कुलदीप यादव ने 25, मुकेश कुमार ने 30 जबकि खलील अहमद ने 47 रन देकर दो-दो विकेट चटकाए। इस जीत से दिल्ली के 12 मैच में छह जीत से 12 अंक हो गए हैं। टीम हालांकि अंक तालिका पर छठे स्थान पर ही बनी हुई है। रॉयल्स की टीम 11 मैच में 16 अंक के साथ दूसरे स्थान पर है। दिल्ली ने इससे पहले पोरेल (36 गेंद में 65 रन, सात चौके, तीन छक्के) और फ्रेजर-मैकगर्क (50 रन, 20 गेंद, सात चौके, तीन छक्के) के अर्धशतक और दोनों के बीच पहले विकेट की 4.2 ओवर में 60 रन की साझेदारी से आठ विकेट पर 221 रन बनाए। ट्रिस्टन स्टब्स (20 गेंद में 41 रन, तीन छक्के, तीन चौके) ने अंत में ताबड़तोड़ बल्लेबाजी करके टीम का स्कोर 200 रन के पार पहुंचाने में अहम भूमिका निभाई। लक्ष्य का पीछा करने उतरे रॉयल्स ने पारी की दूसरी गेंद पर ही यशस्वी जायसवाल (04) का विकेट गंवा दिया जिन्होंने खलील अहमद की गेंद पर मिड ऑफ पर अक्षर पटेल को कैच थमाया। सैमसन शुरूआत से ही अच्छी लय में नजर आए। उन्होंने खलील पर चौका और छक्का जड़ने के बाद इशांत शर्मा के ओवर में दो चौके और एक छक्का मारा। सलामी बल्लेबाज जोस बटलर आठ रन के निजी स्कोर पर भाग्यशाली रहे जब मुकेश कुमार की गेंद को हवा में लहरा गए लेकिन स्टब्स ने कवर में उनका कैच टपका दिया। सैमसन ने इसी ओवर में लगातार गेंदों पर दो चौके और एक छक्का मारा। बटलर ने अगले ओवर में पटेल पर छक्का जड़ा लेकिन अगली गेंद पर बोल्ड हो गए। उन्होंने 19 रन बनाए। रॉयल्स ने पावर प्ले में दो विकेट पर 67 रन बनाए।



### दिल्ली-221/8 (20)

| खिलाड़ी | रन |
|---|---|
| जेक का फरेरा बो मैकगर्क | 50 |
| अभिषेक का संदीप बो अश्विन | 65 |
| शाई होप रन आउट | 01 |
| अक्षर का पराग बो अश्विन | 15 |
| ऋषभ पंत का बोल्ट बो चहल | 15 |
| ट्रिस्टन स्टब्स पगबाधा बो संदीप | 41 |
| गुलबदीन का अश्विन बो बोल्ट | 19 |
| रसिख सलाम रन आउट | 09 |
| कुलदीप यादव नाबाद | 05 |

अतिरिक्त: 01
कुल:20 ओवर में आठ विकेट पर: 221 रन
गेंदबाजी: बोल्ट 4-0-48-1, संदीप 4-0-42-1, आवेश 2-0-42-0, अश्विन 4-0-24-3, पराग 2-0-17-0, चहल 4-0-48-1

### राजस्थान-201/8 (20)

| खिलाड़ी | रन |
|---|---|
| यशस्वी का अक्षर बो खलील | 04 |
| जोस बटलर बो अक्षर | 19 |
| संजू सैमसन का होप बो मुकेश | 86 |
| रियान पराग बो रसिख | 27 |
| शुभम दुबे का स्टब्स बो खलील | 25 |
| रोवमैन पावेल बो मुकेश | 13 |
| डोनोवन पगबधा बो कुलदीप | 01 |
| अश्विन का होप बो कुलदीप | 02 |
| ट्रेंट बोल्ट नाबाद | 02 |
| आवेश खान नाबाद | 07 |

अतिरिक्त: 15
कुल:20 ओवर में आठ विकेट पर: 201 रन
गेंदबाजी: खलील 4-0-47-2, इशांत 3-0-34-0, मुकेश 3-0-30-2, अक्षर 3-0-25-1, कुलदीप 4-0-25-2, रसिख 3-0-36-1

### लखनऊ-सनराइजर्स में आज पहली बार होगी भिड़ंत, प्ले ऑफ की दौड़ में दोनों टीमें

**हैदराबाद।** अपने बल्लेबाजों के खराब प्रदर्शन से उबरकर सनराइजर्स हैदराबाद लखनऊ सुपर जाइंटस के खिलाफ आज बुधवार 8 मई को आईपीएल के मैच में जीत दर्ज करके प्लेआफ का दावा पुख्ता करने के इरादे से उतरेगी। दोनों टीमों के 11 मैचों में 12 अंक हैं। सनराइजर्स का नेट रन रेट (माइनस 0 . 065) लखनऊ (माइनस 0 . 371) से बेहतर है। अंकतालिका में कोलकाता नाइट राइडर्स (16), राजस्थान रॉयल्स (16) और चेन्नई सुपर किंग्स (12) उससे ऊपर हैं। सनराइजर्स और लखनऊ में से जो जीतेगा वह प्लेआफ की दौड़ में एक कदम आगे होगा। इंडियन प्रीमियर लीग 2024 के 57वें मैच में सनराइजर्स हैदराबाद का सामना लखनऊ सुपर जायंट्स हैदराबाद में होगा। एसआरएच ने इस सीजन 11 मुकाबले खेले हैं, जिसमें से 6 में टीम को जीत और 5 में हार मिली है। एलएसजी ने भी 11 मैच खेले हैं, जिसमें से उसे भी 6 में जीत और 4 मुकाबलों में हार मिली है। यह मैच आज हैदराबाद स्टेडियम में शाम 7:30 बजे से खेला जाएगा।

## प्रीति सहित सात भारतीय मुक्केबाजों ने स्वर्ण जीते

भाषा ▶▶ अस्ताना (कजाकिस्तान)

पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई कर चुकीं प्रीति उन सात भारतीय मुक्केबाजों में शामिल हैं जिन्होंने यहां एशियाई अंडर-22 और युवा मुक्केबाजी चैंपियनशिप के अंतिम दिन मंगलवार को स्वर्ण पदक जीते और भारत के कुल पदकों की संख्या को 43 पर पहुंचाया। प्रीति (54 किग्रा) ने पहले दौर में 0-5 से पिछड़ने के बाद शानदार वापसी की और फाइनल में कजाकिस्तान की बजरोवा एलिना पर 3-0 से जीत दर्ज करके स्वर्ण पदक हासिल किया। भारतीय मुक्केबाजों ने इस प्रतियोगिता में 12 स्वर्ण, 14 रजत और 17 कांस्य पदक जीते तथा वह मेजबान कजाकिस्तान (48 पदक) के बाद दूसरे स्थान पर रहा। भारत को मंगलवार को पहला पदक विश्वनाथ सुरेश ने 48 किग्रा भार वर्ग में दिलाया। उन्होंने फाइनल में कजाकिस्तान के कराप येरनार को 5-0 से पराजित किया। निखिल ने 57 किग्रा भार वर्ग में कजाकिस्तान के साबिर येरबोलट को हराकर स्वर्ण पदक जीता। रेफरी ने यह मुकाबला तीसरे दौर में रोककर भारतीय मुक्केबाज को विजेता घोषित किया। आकाश गोरखा (60 किग्रा) ने कजाकिस्तान के रुसलान कुजेउबायेव पर 4-1 से जीत हासिल करके पुरुष वर्ग में भारत के लिए दिन का तीसरा स्वर्ण पदक जीता। महिला वर्ग में पूनम पूनिया (57 किग्रा) और प्राची (63 किग्रा) ने क्रमशः कजाकिस्तान की साकिश एनेल और अनार तुर्सिनबेक को समान 4-1 के अंतर से हराया। मुस्कान (75 किग्रा) ने उज्बेकिस्तान की जोकिरोवा अजीजा को संघर्षपूर्ण मुकाबले में 3-2 से हराकर भारत को दिन का सातवां स्वर्ण पदक दिलाया। प्रीत मलिक (67 किग्रा), गुड्डी (48 किग्रा), तमन्ना (50 किग्रा), सनेह (70 किग्रा) और अल्फिया पठान (81 किग्रा) को हालांकि रजत पदक से संतोष करना पड़ा। भारतीय अंडर-22 टीम ने सात स्वर्ण, पांच रजत और नौ कांस्य सहित कुल 21 पदक जीते।



### भारतीय टीम ने एशियाई ओपन पिकलबॉल में तीन स्वर्ण और दो कांस्य पदक जीते

**नई दिल्ली।** भारत ने वियतनाम में एशियाई ओपन पिकलबॉल चैम्पियनशिप में शानदार प्रदर्शन करते हुए तीन स्वर्ण और दो कांस्य पदक जीतकर दमदार प्रदर्शन किया। मिश्रित युगल 'इंटरमीडिएट 35+ वर्ग में' सचिन पाहवा और प्रियंका छाबड़ा की जोड़ी ने रुबेन हेलबर्ग और चितलदा हेमासी पर 11-9, 5-11, 11-9 की रोमांचक जीत से स्वर्ण पदक हासिल किया। ईशा लखानी और पेई चुआन काओ ने महिला युगल ओपन वर्ग में जीत का सिलसिला जारी रखते हुए डांग किम नगन और टायक के को हराकर देश के लिए दूसरा स्वर्ण जीता। पुरुष युगल स्पर्धा में अनिकेत पटेल और रोहित पाटिल ने निक एलेसेंड्रो इसागन और लेस्टर गा को कड़े मुकाबले में हराकर स्वर्ण पदक जीता। उन्होंने 5-11, 11-6, 11-8 से जीत दर्ज की। विजय मेनन ने पुरुष एकल 'एडवांस 35+ वर्ग ' में यू हसन चेर को हराकर कांस्य पदक हासिल किया। प्रियंका छाबड़ा ने महिला एकल 'इंटरमीडिएट 35+ वर्ग' में मारिसा फोंगसिरिकुल को हराकर कांस्य पदक जीता।

## एआईसीएफ के प्रेसिडेंट नारंग ने शतरंज के विकास के लिए 65 करोड़ का बजट पेश किया

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

निर्वाचित अखिल भारतीय शतरंज महासंघ (एआईसीएफ) के प्रेसिडेंट (अध्यक्ष) नितिन नारंग ने मंगलवार को भारत में शतरंज के खेल को नई ऊंचाइयों पर ले जाने के लिए 65 करोड़ रुपये का विशाल बजट पेश किया है। एआईसीएफ की देर शाम आयोजित आम सभा में प्रस्तावित प्रमुख पहलों पर चर्चा की गई। इन पहलों की मदद से पेशेवर और जमीनी स्तर के खिलाड़ियों को वित्तीय और संस्थागत सहायता प्रदान करके भारत में शतरंज के खेल को मजबूती प्रदान करना है। राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ियों के लिए एआईसीएफ प्रो और एआईसीएफ पॉपुलर जैसे कार्यक्रमों का शुभारंभ करने की योजना है, जो हर घर शतरंज के नजरिए को साकार करने में सहायक होगा। मेरा मिशन 'घर-घर शतरंज-हर घर शतरंज' के मोटो के साथ शतरंज को हर घर तक पहुंचाना है। हम जिला संघों को सीधे सहायता देने वाले पहले खेल महासंघ हैं। हम 15 लाख रुपये तक की सहायता के साथ तीन साल के लिए राज्य संघों को सपोर्ट करेंगे। इसके साथ ही भारत के लिए खास प्लेयर रैंकिंग सिस्टम की शुरुआत करते हुए एआईसीएफ प्रो के तहत सभी आयु वर्ग में 2 करोड़ के बजट के साथ 42 खिलाड़ियों के लिए राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी अनुबंध शुरू करेंगे। टॉप 20 एफआईडीई-रेटेड खिलाड़ियों को 25,00,000 रुपये और 12,50,000 रुपये प्रति वर्ष का अनुबंध मिलेगा, जिसका कुल खर्च 4 करोड़ रुपये होगा। इस बैठक में एक चेस डेवलपमेंट फंड बनाने, सभी स्तरों पर खिलाड़ियों के साथ अनुंबध और कोचिंग के जरिए वित्तीय सहायता देने, जिला और राज्य संघों को आर्थिक सहायता देने, विशिष्ट स्तर के प्रशिक्षण के लिए एक अत्याधुनिक नेशनल चेस एरेना (एनसीए) की स्थापना जैसे कई प्रस्ताव पास किए गए।



## टीम इंडिया की जर्सी पहनते ही छा गई आशा शोभना

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

बांग्लादेश के खिलाफ खेले गए चौथे टी-20 मुकाबले में आशा शोभना को भारतीय टीम की ओर से इंटरनेशनल क्रिकेट में डेब्यू करने का मौका मिला। आशा ने हाथ आए इस मौके को पूरी तरह से भुनाया और सिर्फ 18 रन देकर दो बड़े विकेट चटकाए। आशा ने मैदान पर उतरते ही 26 साल पुराना रिकॉर्ड भी चकनाचूर कर डाला। महिला प्रीमियर लीग में अपनी घूमती गेंदों से बैटर्स की नाक में दम करने वालीं आरसीबी की स्पिन गेंदबाज आशा शोभना चौथे टी-20 में पहली बार भारत की जर्सी पहनकर मैदान पर उतरीं। इसके साथ ही आशा ने क्रिकेट के सबसे छोटे फॉर्मेट में 26 साल पुराना रिकॉर्ड भी चकनाचूर कर डाला। दरअसल, आशा शोभना भारत की महिला क्रिकेट टीम की ओर से टी-20 इंटरनेशनल में डेब्यू करने वाली सबसे उम्रदराज क्रिकेटर बन गई हैं। आशा ने फटाफट क्रिकेट में अपना पहला मुकाबला 33 साल और 51 दिन की उम्र में खेला। उन्होंने 26 साल पुराने रिकॉर्ड को ध्वस्त कर दिया है। साल 2008 में सीमा पुजारे ने भारत की तरफ से साल टी-20 क्रिकेट में 32 साल और 50 दिन की उम्र में डेब्यू किया था। हालांकि, उनका करियर बहुत लंबा नहीं रहा और वह सिर्फ 8 वनडे और एक टी-20 इंटरनेशनल मैच ही खेल सकीं।

### अप्रैल महीने के लिए तीन खिलाड़ी प्लेयर ऑफ द मंथ के लिए नॉमिनेट

**दुबई।** इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल की तरफ से हर महीने अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में बढ़िया प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ी को प्लेयर ऑफ द मंथ के रूप में चुना जाता है। यह अवार्ड खिलाड़ियों को उनके बेहतरीन प्रदर्शन के लिए हर महीने दिया जाता है। वहीं अप्रैल महीने के लिए आईसीसी ने तीन खिलाड़ियों को नॉमिनेट कर लिया है, पाकिस्तान समेत यूएई और नामीबिया के खिलाड़ी शामिल है।

केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय
संसद के अधिनियम द्वारा स्थापित
(पूर्व में राष्ट्रिय संस्कृत संस्थान, शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन)
56-57, सांस्थानिक क्षेत्र, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058
दूरभाष सं.-011-28524993, 28524995, 28520979, 28520966
वेबसाईट- www.sanskrit.nic.in

अधिसूचना संख्या- के.सं.वि./36014/विज्ञापन/योजना-/2024-25/01 दिनांक-05-05-2024

"आदर्श योजना 2022" के तहत वित्तीय सहायता एवं संस्कृत संवर्धन योजनाओं के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करने हेतु ऑनलाईन आवेदन पत्र आमंत्रित

भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय द्वारा संचालित संस्कृत के संवर्धन की केन्द्रीय योजनाओं का क्रियान्वयन केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, दिल्ली के द्वारा किया जा रहा है। तदनुसार, संस्कृत के संवर्धन हेतु निम्नलिखित केन्द्रीय योजनाओं के तहत इच्छुक एन.जी.ओ. स्वैच्छिक संगठन/संस्थाएं/विश्वविद्यालय/प्रकाशक/वैयक्तिक/ छात्रों से ऑनलाइन माध्यम से आवेदन पत्र आमंत्रित किए जा रहे हैं:-

| क्रम संख्या | योजना का नाम | ऑनलाईन पंजीकरण आरम्भ तिथि | ऑनलाईन पंजीकरण अन्तिम तिथि |
|---|---|---|---|
| 1. | "आदर्श संस्कृत महाविद्यालय (ASMs) / आदर्श संस्कृत शोध संस्थान (ASSSs) -2022" योजना के अंतर्गत संस्थाओं को मान्यता प्रदान करने के लिए अधिसूचना CSU/Ad/Revised Scheme/2023-24/01 दिनांक 05.03.2024 के अनुसार सोसायटी पंजीकरण अधिनियम, 1983 के तहत सोसायटी के रूप में पंजीकृत स्वैच्छिक संगठनों या ट्रस्ट अधिनियम के तहत पंजीकृत ट्रस्ट या कंपनी अधिनियम के तहत पंजीकृत गैर-लाभकारी कंपनी जिसे इसके बाद "मूल निकाय" कहा जाएगा एवं संस्कृत महाविद्यालय या संस्कृत शोध संस्थान का रखरखाव करने वाली संस्थाओं को मान्यता देने के लिए "आदर्श संस्कृत महाविद्यालय (ASMs) / आदर्श संस्कृत शोध संस्थान ((ASSSs) -2022 के खंड 6 के तहत विश्वविद्यालय द्वारा आवेदन आमंत्रित किये जा रहे। | 10.05.2024 | 30.06.2024 |
| 2. | संस्कृत शिक्षण- पारंपरिक संस्कृत पाठशालाओं/महाविद्यालयों/सरकारी विद्यालयों/चतुष्पाठी संस्थाओं में शिक्षण हेतु संस्कृत एवं आधुनिक विषय के शिक्षकों की व्यवस्था तथा आवासीय छात्रवृत्ति। | | |
| 3. | सम्मान राशि-अभावग्रस्त परिस्थितियों में रहने वाले प्रख्यात संस्कृत पण्डितों के लिए वार्षिक वृत्ति। | | |
| 4. | संस्कृत संवर्धन कार्यक्रम एवं गतिविधियाँ- विभिन्न संस्कृत संवर्धन कार्यक्रमों के आयोजन हेतु वित्तीय सहायता। | | |
| 5. | संस्कृत पुस्तकों के प्रकाशन, थोक खरीद और दुर्लभ संस्कृत ग्रन्थों के पुनर्मुद्रण। | | |
| 6. | शास्त्र चूड़ामणि - संस्कृत शास्त्र के शिक्षण हेतु शास्त्र विद्वानों की अथवा सेवानिवृत्त संस्कृत विद्वानों की सेवाओं की उपयोगिता। | | |
| 7. | व्यावसायिक प्रशिक्षण- पंजीकृत पारम्परिक संस्कृत संस्थाओं में अध्ययनरत छात्रों को प्रशिक्षण। | | |
| 8. | छात्रवृत्ति - पारंपरिक एवं आधुनिक धारा में नियमित रूप से 9वीं कक्षा से पीएच.डी. तक संस्कृत/ पालि/प्राकृत भाषा को अध्ययन करने वाले छात्र/छात्राओं के लिए छात्रवृत्ति। | 10.05.2024 | 15.09.2024 |

वित्तीय सहायता के लिए आवेदन जमा करते समय इच्छुक आवेदक कृपया निम्नलिखित निर्देशों को ध्यान में रखें :-
i) उपर्युक्त सभी योजनाओं के अन्तर्गत आवेदन पत्र केवल ऑनलाईन माध्यम से ही (online mode only) स्वीकार्य है। अन्य माध्यम से प्रस्तुत किए गए आवेदन पत्र अस्वीकार्य हैं।
ii) उपर्युक्त योजनाओं के दिशानिर्देशों के अनुसार, इच्छुक आवेदक के द्वारा प्रकाशनसामग्री/पुस्तक/आवश्यक दस्तावेजों आदि की प्रति तथा सक्षम प्राधिकारी द्वारा सत्यापित ऑनलाईन आवेदन पत्र की प्रति विधिवत प्रमाणित कर जमा करना आवश्यक है। आवेदन पत्र और अनुलग्नकों के सभी पृष्ठों पर आवेदक द्वारा स्याही से हस्ताक्षर और स्व-सत्यापित होना चाहिए।
iii) पूर्ण रूप से भरे हुए ऑनलाइन आवेदन पत्र की हार्ड कॉपी पंजीकरण की अंतिम तिथि से 20 दिनों के अंदर योजना का नाम लिफाफे के शीर्ष पर लिखकर पंजीकृत डाक द्वारा "कुलसचिव, केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, 56-57, सांस्थानिक क्षेत्र, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 को अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराना आवश्यक है।
(iv) आवेदन पत्र भरने से पूर्व यह सलाह दी जाती है कि प्रत्येक योजना के दिशानिर्देशों को अवश्य पढ़ें।
v) प्रत्येक योजना के दिशानिर्देश, आवश्यक दस्तावेज, मानदेय राशि, ऑनलाईन माध्यम से आवेदन करने की प्रक्रिया एवं आवेदन पत्र को अग्रसारित करने की प्रक्रिया आदि की विस्तृत जानकारी हेतु कृपया केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय की वेबसाईट www.sanskrit.nic.in/schemes पर अवलोकन करें।
vi) उपरोक्त क्रम संख्या 2 से 8 तक प्रत्येक योजना के लिए विगत वर्षों में अनुदानग्राही संस्थाओं को प्रत्येक वर्ष पृथक रूप से ऑनलाईन आवेदन जमा करना अनिवार्य है, स्वतः नवीनीकरण नहीं किया जायेगा।
vii) अनुदान/मान्यता हेतु प्राप्त आवेदनों की स्वीकृति या अस्वीकृति प्रत्येक वर्ष धन की उपलब्धता एवं सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदन पर निर्भर करती है। अतः प्रत्येक योजनाओं के अन्तर्गत वित्तीय सहायता हेतु प्रतिवर्ष अलग से आवेदन करना अनिवार्य हैं।
viii) योजना से संबंधित किसी भी स्पष्टीकरण या संदेह के मामले में आवेदक उपरिलिखित दूरभाष या पत्र व्यवहार संकेत अथवा ई-मेल help.schemes@csu.co.in के माध्यम से संपर्क कर सकते हैं।

हस्ता/-
कुलसचिव प्र.
CBC 21212/12/0002/2425

## धोनी टी20 करियर में पहली बार 9वें नंबर पर बैटिंग करने उतरे

# पंजाब किंग्स के खिलाफ धोनी ने रचा इतिहास

एजेंसी ▶▶ धर्मशाला

आईपीएल 2024 का 53वां मुकाबला पंजाब किंग्स और चेन्नई सुपरकिंग्स के बीच हिमाचाल प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन, धर्मशाला में खेला गया है। इस मैच में पंजाब किंग्स को 28 रनों से शिकस्त झेलने पड़ी। वहीं सीजन में पहली बार महेंद्र सिंह धोनी गोल्डन डक पर आउट हुए। हालांकि गोल्डन डक पर आउट होने के बावजूद उन्होंने आईपीएल में इतिहास रचते हुए एक बड़ा रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया है।



### 150 कैच पूरे करने वाले धोनी पहले विकेटकीपर

महेंद्र सिंह धोनी ने पंजाब किंग्स के खिलाफ दूसरी पारी में इतिहास रचते हुए एक रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया है। दरअसल, सिमरजीत सिंह के ओवर में जितेश शर्मा का कैच लपककर महेंद्र सिंह धोनी ने आईपीएल में अपने 150 कैच पूरे कर लिए हैं। वहीं आईपीएल में 150 कैच पकड़ने वाले महेंद्र सिंह धोनी पहले विकेट कीपर बन गए हैं। आपको बता दें एमएस धोनी ने यह रिकॉर्ड अपने 261वें मुकाबले में बनाया।

### गोल्डन डक पर आउट हुए धोनी

पंजाब किंग्स के खिलाफ मैच में एमएस धोनी टी20 करियर में पहली बार ऐसा हुआ, जब वे 9वें नंबर पर बैटिंग करने उतरे। इसके अलावा आईपीएल 2024 में पहली बार धोनी गोल्डन डक पर आउट हुए। महेंद्र सिंह धोनी 18.5वें ओवर में हर्षल पटेल के ओवर में गोल्डन डक का शिकार हुए।

### आईपीएल में सर्वाधिक कैच पकड़ने वाले विकेटकीपर

महेंद्र सिंह धोनी- 150, दिनेश कार्तिक- 144, एबी डिविलियर्स- 118

### ज्यादा शिकार बनाने वाले विकेटकीपर

महेंद्र सिंह धोनी- 188, दिनेश कार्तिक- 172, ऋद्धिमान साहा- 113, ऋषभ पंत- 93, रॉबिन उथप्पा- 90

## चिंतन

# कम मतदान लोकतंत्र के लिए चिंता का सबब

सरकार की लाख कोशिश के बावजूद मतदान के प्रति लोगों में वो उत्साह नहीं दिख रहा है, जैसा दिखना चाहिए। पहले व दूसरे के बाद तीसरे चरण में भी मतदान पिछले चुनावों के मुकाबले कम हुए हैं। तीसरे चरण में 11 राज्यों की 93 लोकसभा सीटों पर चुनाव हुए हैं, उसमें शाम सात बजे तक के आंकड़े के मुताबिक, 64.08 फीसदी मतदान हुए हैं। केंद्रीय निर्वाचन आयोग के आंकड़े के मुताबिक, पहले चरण में 66.14 प्रतिशत और दूसरे चरण में 66.71 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया। 2019 के चुनावों में पहले और दूसरे चरण में क्रमशः 69.43 प्रतिशत और 69.17 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया था। पहले चरण का मतदान 19 अप्रैल को 102 निर्वाचन क्षेत्रों में हुआ था और दूसरे चरण का मतदान 26 अप्रैल को 88 निर्वाचन क्षेत्रों में हुआ था। 2019 के लोकसभा चुनाव की तुलना में दोनों चरणों में मतदान में गिरावट दर्ज की गई है। वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण में 66.89 फीसदी मतदान हुआ था। तीनों के चरण के ये तुलनात्मक आंकड़े बताते है कि इस बार मतदान कम हो रहे हैं। तीन चरण तक आधी सीटों पर चुनाव पूर्ण हो चुका है। अभी चार चरण के चुनाव बचे हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी खुद गुजरात में अपना वोट डालने के बाद लोगों से बढ़चढ़कर मतदान की अपील की है। लोकतंत्र के इस महापर्व में मतदान में कमी चिंता का सबब है। केंद्रीय निर्वाचन आयोग को भी मतदान प्रतिशत का आंकड़ा चुनाव संपन्न होने के 24 घंटे के अंदर जारी कर देना चाहिए। ईवीएम सिस्टम में ऐसा मैकेनिज्म है कि वोटिंग का आंकड़ा जानने में बहुत वक्त नहीं लगता है। अभी दो चरण के मतदान के बाद चुनाव आयोग ने काफी देर से संशोधित आंकड़ा जारी किया, इससे जनता में, विपक्ष में असंतोष पनपता है। निष्पक्ष और सही तरीके से चुनाव कराना निर्वाचन आयोग का दायित्व है। भारतीय चुनाव आयोग की विश्वभर में साख है, प्रतिष्ठा है, ऐसे में उस पर अधिक जिम्मेदारी है। एक तो सात चरण में चुनाव का इतना लंबा शेड्यूल बना कर निर्वाचन आयोग ने चुनाव को पहले से ही नीरस बना दिया है। पांच चरण में पचीस दिन में चुनाव आराम से कराए जा सकते हैं। एक ही राज्य में अलग अलग चरण में चुनाव कराना भी ठीक नहीं है, इससे भी मतदान के प्रति उदासीनता बढ़ती है। एक राज्य में चुनाव के अलग अलग चरण होने से वहां मतदान के प्रति मोमेंटम बन ही नहीं पाता है। इस बार अप्रैल से जून तक चुनाव कराने का लंबा शेडयूल है। ज्यों ज्यों गर्मी बढ़ेगी, चुनाव कराना और कठिन होता जाएगा। गर्मी के चलते मतदाता बूथ तक आसानी से नहीं आएंगे। इसलिए 15 अप्रैल से 15 मई के बीच सभी चरण के चुनाव संपन्न करा लिए जाते तो, मतदान प्रतिशत के बढ़ने की संभावना अधिक रहती। केंद्रीय चुनाव आयोग को इस बात का भी ध्यान रखना चाहिए कि चुनाव के दिन, कोई भी दल, कोई भी नेता देश के किसी भी हिस्से में चुनाव प्रचार न करें। इस दिशा में चुनाव आयोग को सख्त नियम बनाना चाहिए। इससे चुनाव कम चरणों में व कम दिनों में चुनाव कराने में आयोग को मदद मिलेगी। यह जरूर है कि लक्षद्वीप में खूब वोटिंग हुई, पश्चिम बंगाल में उम्मीद के अनुरूप वोटिंग हो रही है, लेकिन बिहार, महाराष्ट्र, यूपी, एमपी जैसे राज्यों में कम वोटिंग हो रही है। कम मतदान सत्ता पक्ष व विपक्ष दोनों के लिए संदेश देता है कि क्या वे मतदाताओं को प्रभावित नहीं कर पा रहे हैं?



# सियासत में वोट जिहाद अस्वीकार्य

**दो टूक**
प्रो. कन्हैया त्रिपाठी

> तीन चरण के चुनाव तक आते आते विकास से शुरू हुए मुद्दे 'वोट जिहाद' जैसे विभाजनकारी सोच तक पहुंच गए हैं। सियास का रूप बदरंग हो रहा है। कांग्रेस नेता सलमान खुर्शीद की भतीजी व सपा की नेता मारिया आलम खां ने एकजुट होकर भाजपा के खिलाफ वोट-जिहाद करने की अपील की है। मुसलमानों को एक होकर चुनाव में वोट जिहाद के नाम पर वोट डालन के लिए कहना एक ओछी कोशिश है और यह भारत की एकता को तोड़ने की कोशिश भी कही जा सकती है। भारत में जिहाद शब्द पर कायदे से प्रतिबन्ध लगना चाहिए। वोट जिहाद की भावना आना ही लोकतंत्र के लिए अच्छा संकेत नहीं है। मतदान सब करें, लेकिन किसी जिहाद की भावना से नहीं।

जब-जब चुनाव आते हैं, कुछ चौंकाने वाले विमर्श छिड़ जाते हैं। इस लोकसभा के लिए निर्धारित अब तक तीन चरण का चुनाव संपन्न हो चुका है। तीन चरण के बाद खास बात है कि भारतीय जनता पार्टी एक बार फिर अपनी तीसरी पारी खेलने को लेकर आश्वस्त है। विपक्ष इंडी-गठबंधन के साथ एकजुट भी हैं और बिखरे हुए भी। अगर बीजेपी की सरकार बनती है तो तीसरी बार ऐसा होगा कि विपक्ष कमजोर होगा। तीन चरण के चुनाव तक आते आते विकास से शुरू मुद्दे 'वोट जिहाद' जैसे विभाजनकारी सोच तक पहुंच गए हैं। सियास का रूप बदरंग हो रहा है।

हमारे देश में जब-जब चुनाव होता है, पडोसी देशों और दुनिया के अनेक देशों की नज़रें भारत पर लगी रहती हैं। भारतीय चुनाव में अपनी दिलचस्पी दिखने वाले देशों के अपने-अपने निहितार्थ हैं। विश्व की मीडिया की नज़रें भी भारत पर बनी रहती हैं। कॉर्पोरेट जगत के लोगों की निगाह रहती है। धर्म के ठेकेदारों की भी नज़र भारत के चुनावों में होती है। अब इन सब काग-दृष्टि के बीच भारत अपनी डेमोक्रेसी को लेकर बहे जा रहा है। इस वर्ष एक नया मुद्दा विमर्श के केंद्र में आया है-वोट जिहाद का।

भारत में यह नया सत्य है या शिगूफा, यह तो आने वाला समय तय करेगा लेकिन मुद्दा दिलचस्प है और विष्फोटक भी है। वोट जिहाद अपनी नई टर्मिनोलॉजी के साथ अब दस्तक दे ही दिया है तो वोट में प्रतिभागिता कर रही पार्टियाँ एक-दूसरे को मुहतोड़ ज़वाब ददे रही हैं। भारतीय चुनाव हो और विवादित बोल न हों, मजहब और धर्म न टकराए, भारत पाक की चर्चा न हो, ऐसा हो ही नहीं सकता। एक-दूसरे पर आरोप लगाती पार्टियों में अब यही सब वोट बटोरने के तरीके बन गए हैं। यहाँ विकास व भारतीय उत्कर्ष के मुद्दे पीछे रह जाते हैं। यहाँ प्रकृति और पर्यावरण के मुद्दे पीछे रह जाते हैं। यहाँ संविधान को ताक पर रखकर मुह्जोरी शुरू हो जाती है जो कि देश के लिए दुर्भाग्यपूर्ण है। अब यह ताजा तकरार मारिया आलम खां के उस बयां से गरमाया है जिसमें उन्होंने एकजुट होकर भाजपा के खिलाफ वोट-जिहाद करने की अपील कर डाली। मुसलामानों को एक होकर चुनाव में वोट जिहाद के नाम पर वोट डालन के लिए कहना एक ओछी कोशिश है और यह भारत की एकता-अखंडता को तोड़ने की कोशिश भी कही जा सकती है। भारत में जिहाद शब्द पर कायदे से प्रतिबन्ध लगना चाहिए, जिसकी सनातन परम्परा व साझी संस्कृति की लंबी विरासत है, उस देश में वोट जिहाद के माध्यम से भारतीय एकीकरण को खंडित करने, तोड़ने की यह क्रूर कोशिश मानी जा रही है। मारिया आलम खां कोई बच्ची नहीं हैं। वह चुनाव में एक जन-समूह को यदि संबोधित कर रही थीं, तो उन्हें ऐसा बयान देने का कोई हक तो नहीं ही है। विदेशों में राहुल गाँधी का संबोधन जिसमें उन्होंने अल्पसंख्यकों के साथ भारत में हो रहे अन्याय का जिक्र किया था और अब मारिया खां का वोट जिहाद के नाम पर सांप्रदायिक पार्टी बताकर बीजेपी को रोकने का जब बयान आया तो ये दोनों बातें कहीं न कहीं जुड़ती हैं। सत्ताधारी बीजेपी को ऐसे बयान के माध्यम से रोकने की कोशिश भले न कामयाब हो लेकिन मारिया के इस बयान



से विपक्ष और इंडी-गठबंधन को ज़रूर नुकसान होगा, यह तो तय है। इससे दो बातें और भी सामने उभरती हैं एक, क्या बीजेपी से डरी हुई बाहरी ताकतें यह सब प्रायोजित रूप से करवा रही हैं? या बीजेपी के तीसरी बार सत्ता में आने से उनमें डर समाया है, यह बात समझने की है। वोट जिहाद कोई मामूली नारा नहीं है। यह एक षड्यंत्रकारी कोशिश भी मानी जा सकती है जो भारतीय प्रजातंत्र के खिलाफ है। देखा जाए तो यह विद्वेष फ़ैलाने, भारतीय समरसता को समाप्त करने और भारत की विकास करने में एक अवरोध है। इसे सामान्य रूप से नहीं लिया जा सकता। यह एक गंभीर मामला है। यह राष्ट्र विरोधी बयान है जो चुनाव के तीसरे चरण आते-आते दस्तक दे दी है। इसमें ऐसी भी संभावना है कि कुछ खुद का साम्राज्य स्थापित करने वाली बर्चस्ववादी शक्तियों की जानी-समझी चाल हो, क्योंकि चुनाव के बीच ऐसा बयान आया है। बीजेपी ने हालांकि इस पर अपने मतदाताओं को सचेत किया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भी इसका दूरगामी परिणाम क्या होगा, इस पर टिपण्णी की है लेकिन ऐसे बोल भारत में बोले ही क्यों जाएँ, जो देश को हिलाकर रख दें। यद्यपि मारिया के पारिवारिक सदस्य और विपक्ष मारिया के उस बयान को उसका निजी बयान बताकर किनारा कर लिए हैं लेकिन बात निकली है तो दूर तलक जाएगी ही। अब सलमान खुर्शीद के परिवार को प्रगतिशीलता के आईने से नहीं देखा जाएगा, जैसा अब तक देखा जा रहा था। मारिया सलमान खुर्शीद की भतीजी हैं। चुनाव के दौरान बिगड़े बोल भारतीय मूल अस्मिता व पहचान को विद्रूप बना देते हैं। यदि असंसदीय भाषा, असंसदीय गतिविधि और अमर्यादित बयान इसी तरह जारी रहे तो राष्ट्र के लिए यह ठीक नहीं है। षडयंत्रकारी शक्तियां इससे अपने मंसूबों में कामयाब होंगी। देशहित तो कतई नहीं होगा। वोट जिहाद जैसी बात संविधान की गरिमा का अपमान है। कदाचित ऐसे अमर्यादित बयान से चुनाव में प्रतिभागिता कर रही पार्टियाँ बच नहीं सकती क्या? बिना हिन्दू-मुसलमान किये भी चुनाव हो सकता है। जाति, क्षेत्र, धर्म, मजहब अपने-बेगाने कहने सुनने से ज्यादा ज़रूरी है देश, संविधान, जन और सबके बीच सहिष्णुतापूर्ण जीवन-धर्म। राजनेता चाहे वे किसी भी दल के सदस्य हों, उन्हें देश की आत्मशक्ति को कमजोर करने से बचना चाहिए।

दुनिया में विघटनकारी शक्तियों की मंशा होती है तोड़ना। वे तोड़ेंगे। विखंडित करेंगे। अस्थिर करेंगे। इसके लिए वे हमारे बीच से ही किसी को मोहरा बनाकर अपने निजी स्वार्थ को सिद्ध करने की कोशिश करेंगे। चुनाव का समय इसके लिए सबसे ज्यादा उर्वर व उपजाऊ होता है। वे विषाद व विष के फसल उगाने की पूरी कोशिश करेंगे। इसमें आवारा पूंजी का निवेश करेंगे। भ्रमित करके लोकतंत्र की शक्ति को कमजोर करेंगे। ऐसे ही कोशिश से निकला है वोट। लव जिहाद, लैंड जिहाद के बाद वोट जिहाद कहीं हमारा व हमारी सदृढ़ भारतीय एकता का फ्यूचर किलर न बन जाये, इसे गंभीरता से नहीं सोचा गया तो भारत को कोई नहीं बचा पाएगा। मतदान के दौरान और बाद में भी भारत तो हम सबका है, फिर यहाँ किसी जिहाद की जगह आखिर हो ही क्यों? देश का जन-जन, सबका सुन्दर मन यदि किसी भी तात्कालिक उकसावे से ऊपर उठकर देश के बारे में नहीं सोचेगा, तो ऐसी विघटनकारी ताकत हम पर हावी होंगी। भारतीय गरिमा की रक्षा के लिए अच्छा क्या है और बुरा क्या है, इसे हम सभी को ही तो सोचना । आज जब वोट जिहाद जैसे प्रश्न हमारे सामने खड़े हों तो हमें भारतीय मन से ज्यादा सोचने की ज़रूरत है, जिसमें समष्टिगत लाभ निहित हैं। यदि भारतीय जन भारतीयता के मन से एकजुट रहेंगे तो नफ़रत रूपी रेत की भीत पर उगे वोट जिहाद की उम्र बिलकुल मामूली है, यह एक बड़ा सच है।

(लेखक भारत के महामहिम राष्ट्रपति जी के ओएसडी रह चुके हैं। आप पंजाब केंद्रीय विश्वविद्यालय में चेयर प्रोफेसर, अहिंसा आयोग और अहिंसक सभ्यता के पैरोकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

## राजनीति
आर.के. सिन्हा



# सिर्फ हिन्दुओं की जातियों की चर्चा करने वाले कौन?


हर बार की तरह इस लोकसभा चुनाव में भी अपने को राजनीति का विद्वान बताने वाले ज्ञानियों ने किस संसदीय क्षेत्र में किसके हक में बयार बह रही है, इस विषय पर लिखना-बताना शुरू कर दिया है। वे अपना विश्लेषण रखते हुए बताते हैं कि वहां ( उस संसदीय क्षेत्र में ) इतने फीसद क्षत्रिय, ब्राह्मण, दलित, पिछड़े, अति पिछड़े, यादव वगैरह हैं। यहां तक तो सब ठीक है, पर जातियों का गणित बताने वाले मुसलमानों, सिखों, ईसाइयों की जातियों पर मौन ही रहते हैं। उन्हें जातियों के बारे में सिर्फ हिन्दुओं की ही चर्चा करनी होती है। उन्हें लगता है कि मानों जातियां सिर्फ हिन्दू धर्म में ही हैं। जैसे कि बाकी धर्मावलंबी किसी जात-पात में यकीन नहीं करते। इससे एक बात बहुत साफ हो जानी चाहिए हमारे यह कथित विद्वान देश की जमीनी हकीकत से कितने नावाकिफ हैं। उन्हें यह मालूम ही नहीं है कि जाति भारत का सच है। कोई इंसान अपना धर्म बदल सकता है, पर जाति उसके साथ हमेशा रहती है। वह जाति से अपने को दूर नहीं कर पाता है। राममनोहर लोहिया यह बात बार-बार कहा करते थे।

अगर बात मुसलमानों की करें तो सब जानते हैं कि मुसलमान अशराफ, अजलाफ और अरजाल श्रेणियों में बंटे हैं। शेख, सैयद, मुगल और पठान अशराफ कहे जाते हैं। अशराफ का मतलब है, जो अफगान-अरब मूल के या हिन्दुओं की अगड़ी जातियों से धर्मांतरीत मुसलमान हैं। अजलाफ पेशेवर जातियों से धर्मांतरित मुसलमानों का वर्ग है। एक तीसरा वर्ग उन मुसलमानों का है, जिनके साथ शेष मुसलमान भी संबंध नहीं रखते। इन्हें ही पसमांदा मुसलमान कहते हैं। हालांकि इस्लाम में जाति का विचार तो नहीं है। इसके बावजूद सारा मुसलमान समाज जाति के दलदल में फंसा है। मुसलमानों में अलग-अलग जातियों के अपने कब्रिस्तान तक हैं। राजधानी में पंजाबी मुसलमानों के कब्रिस्तान में गैर-पंजाबी मुसलमानों का प्रवेश निषेध है। शिया और सुन्नियों के तो प्रायः अपने अलग-अलग कब्रिस्तान होते ही हैं। शियाओं की अपनी मस्जिदें भी होती हैं। वे अन्य मस्जिदों में नहीं जाते। अपने को मुसलमानों का रहनुमा कहने वाले मुसलमान नेता भी पसमांदा मुसलमानों के मसलों को उठाने की जहमत नहीं दिखाते। मशहूर शायर मोहम्मद इकबाल बार-बार बताते थे कि उनके पुरखे हिन्दू पंडित थे।

खैर, अपने को बाबा साहब अंबेडकर का अनुयायी बताने वाले दलित नेताओं को शायद यह मालूम हो कि बाबा साहेब ने 25 नवंबर, 1949 को संविधान सभा को संबोधित करते हुए बहुत साफ शब्दों में कहा था, "जाति तो राष्ट्र विरोधी है। ...पर, भारत में जातियों के असर को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता है। इनसे समाज बिखरता है।" भारत के कई राज्यों में ईसाई बहुमत में हैं और उन राज्यों के मुख्यमंत्री भी ईसाई हैं। पर इसका यह कतई मतलब नहीं है कि वहां जातियां नहीं हैं। ईसाई धर्म अनेक संप्रदायों में बिखरा हुआ है। ईसाई कैथोलिक, सीरियन, ओर्थोडोक्स, प्रोटेस्टेंट्स और अनेक असंगठित समूहों में फैला है। भारत में ईसाइयों का पहला प्रभावकारी स्वरूप कैथोलिक देश पुर्तगाल से 1498 ई. में पुर्तगालियों के आने से हुआ और ब्रिटिश, मूलतः एंग्लीकन या प्रोटेस्टेंट, का प्रभाव ईस्ट इंडिया कंपनी के शासन 1757 से हुआ। उपर्युक्त सभी समूह स्वतंत्र हैं, परंतु अधिकांश लोगों के द्वारा एक आस्था रखने वाले समूह के रूप में देखे जाते हैं। जब कभी भारतीय ईसाइयों की तरफ देखा जाए तो इन वास्तविकताओं को समझना चाहिए। कैथोलिक और प्रोटेस्टेंट के बीच उस तरह की कटुतापूर्ण स्थिति नहीं है जैसी हम मुसलमानों के सुन्नी और शिया संप्रदायों में देखते हैं। वहां पर तो कटुता ना होकर दुश्मनी है। सुन्नी देश में शिया की हत्याएं हो रही हैं।
सिख धर्म में जाति का मुद्दा काफी जटिल है। गुरु गोबिंद सिंह ने 13 अप्रैल, 1699 को खालसा की स्थापना के साथ सभी जातिगत असमानता को समाप्त कर दिया था। आस्थावान सिख जातिगत भेदभाव नहीं करते हैं लेकिन जाति सिख धर्म में मौजूद है, हालांकि शेष भारतीय समाज की तुलना में एक कमजोर रूप में। वैसे सिखों की कुछ प्रमुख जातियों में जाट, अरोड़ा, खत्री, रामगढ़िया, सैनी, छिम्बा आदि हैं। अब बड़ा सवाल यही है कि लोकसभा से लेकर ग्राम पंचायत के चुनावों में जातियों के महत्व पर बात करने वालों को सिर्फ हिन्दुओं की ही जाति क्यों दिखाई देती है। क्या उन्हें अन्य धर्मों में जाति के असर की जानकारी नहीं है? इससे साफ है कि बहुत सारे स्वयंभू विद्वान अपने को प्रगतिशील साबित करने के लिए हिन्दू धर्म में फैली गड़बड़ियों पर लिखते-बोलते हैं।

(लेखक वरिष्ठ संपादक, स्तंभकार और पूर्व सांसद हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# हमारी जीवन-ऊर्जा बाहर की तरफ यात्रा कर रही है



संकलित
**दर्शन**

हम दीपावली अमावस की रात को मनाते हैं! दीयों की पंक्तियां बाहर जला लेते हैं, पर दीये तो भीतर नहीं जा सकते। भीतर की अमावस तो अमावस ही रहेगी। धोखे छोड़ो! इसे स्वीकार करो कि तुम बुझे हुए दीपक हो। अपने ही कारण तुम बुझे हुए हो। अपने ही कारण भीतर प्रकाश नहीं जागा। कहां चूक हो गई है? वस्तुतः हमारी सारी जीवन-ऊर्जा बाहर की तरफ यात्रा कर रही है। इस बहिर्यात्रा में ही हम भीतर अंधेरे में पड़े हैं। यह ऊर्जा भीतर की तरफ लौटे तो यही ऊर्जा प्रकाश बनेगी। तुम्हारा सारा प्रकाश बाहर पड़ रहा है। सबको देख लेते हो, अपने प्रति अंधे रह जाते हो। जिसने स्वयं को न देखा, उसने कुछ भी न देखा। तुम्हारे भीतर का दीया कैसे जले, सच्ची दीपावली कैसे पैदा हो? उसके सूत्र हैं बड़े मधु-भरे! पीओगे तो जी उठोगे। ध्यान धरोगे इन पर, संभल जाओगे। डुबकी मारोगे इनमें, तो तुम जैसे हो वैसे मिट जाओगे और तुम्हें जैसा होना चाहिए, वैसे ही प्रकट हो जाओगे। सूत्र यह है कि जिस प्रकाश को तुम खोज रहे हो, वह तुम्हारे भीतर बैठा है। तुम्हारी खोज के कारण ही तुम उसे नहीं पा रहे हो। तुम दौड़े जाते हो। थकते हो, गिरते हो। जिसे तुम खोजने चले हो, उस मालिक ने तुम्हारे घर में बसेरा किया हुआ है। तुम जिसे खोजने चले हो, वह अतिथि नहीं है, आतिथेय है। खोजने वाले में ही छिपा है। वह जो गंतव्य है, कहीं दूर नहीं, कहीं भिन्न नहीं, गंता की आंतरिक अवस्था है। अगर उसे देखना हो, उसके प्रति चैतन्य से भरना हो तो आंखें उलटाना सीखना पड़ेगा। यही ध्यान है।

# तुलसीदास जी द्वारा श्रीराम के दर्शन का उपाय



संकलित
**प्रेरणा**

एक ब्राह्मण दिनभर गोस्वामी जी के कुटिया के बाहर बैठकर लोभवश राम-राम रटता। संध्या के समय श्रीहनुमान जी उसे धन दे देते थे। एक वार उसने भगवान के दर्शन के लिए बड़ा हठ किया। गोस्वामी जी ने कहाः उसके लिए प्रेम और भाव चाहिए, संत की कृपा चाहिए। ऐसे ही एकदम भगवान नहीं मिलते। उसने कहाः आप समर्थ महापुरुष है, आप भगवान् के दर्शन करवा सकते है। वह हठ पर अड़ गया। गोस्वामी जी ने कहाः ठीक है यहाँ सामने इस पेड़ पर चढ़ जाओ, पेड़ के नीचे त्रिशूल गाढ़ दो और उस त्रिशूल पर कूद पडो। भगवान् के दर्शन हो जायेंगे। वह त्रिशूल गाडकर वृक्षपर चढ़ा, परंतु कूदने की हिम्मत नहीं हुई। एक घुडसवार उधर से जा रहा था, उसने पूछाः पेड़ पर क्या कर रहे हो? ब्राह्मण बोलाः तुलसीदास जी ने कहा है पेड़ पर से त्रिशूल पर कूदो तुम्हे भगवान् श्रीराम के दर्शन होंगे। उस व्यक्ति ने कहाः क्या सच में यह बात तुलसीदास जी के श्रीमुख से निकली है? ब्राह्मण बोलाः जी हाँ ! वह व्यक्ति तुरंत पेड़ पर चढ़कर त्रिशूलपर कूद पडा। उसे भगवान ने आकर हाथ से पकड़ लिया और उसे श्रीराम के दर्शन प्राप्त हो गये। हनुमान जी ने उसे तत्त्वज्ञान का उपदेश भी दिया। गोस्वामी जी ने सत्य ही कहा था, जिनमें प्रेम-भाव हो एवं संत की कृपा हो वही भगवान के दर्शन पाता है।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### गर्मी की दस्तक के साथ ही गहराया जलसंकट

छत्तीसगढ़ में बढ़ती गर्मी के प्रकोप के साथ ही हर वर्ष पानी की समस्या से लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। प्रदेश में तो हर गांव में पानी की किल्लत देखने को मिलती है। गर्मियों की दस्तक के साथ ही प्रदेश की राजधानी रायपुर में भी पानी का संकट शुरू हो गया है। गर्मियों के दौरान यह समस्या अमूमन हर साल शहर में देखने को मिलती है। अगर समय रहते जलशक्ति विभाग के अधिकारी पेयजल की सप्लाई सुचारू रखने की ओर ध्यान दें, तो इस समस्या से लोगों को राहत मिल सकती है और पानी के लिए इधर-उधर भटकना भी नहीं पड़ेगा। इसलिए सरकार को समय रहते ऐसी योजनाओं की ओर ध्यान देना चाहिए।

**-संजय राठौर, रायपुर**

## ट्रेंड

### अच्छी चिकित्सा सुविधा



श्री राधास्वामी सत्संग ब्यास द्वारा संचालित हमीरपुर के भोटा में चैरिटेबल हॉस्पिटल अनेक लोगों की अच्छी चिकित्सा सुविधा का माध्यम बना है, वहीं दूसरी तरफ़ब्यास के अनेक केंद्र सामाजिक, आध्यात्मिक उत्थान के केंद्र के रूप में स्थापित हैं।

**-अनुराग ठाकुर, केंद्रीय मंत्री**

### देश को मजबूत किया



आज देश के हर कोने में युवा-बेरोजगारी, महिलाएं-अत्याचार, दलित, आदिवासी, पिछड़े और माइनॉरिटी-भयंकर भेदभाव झेल रहे हैं। कांग्रेस ने सभी की तरक्की और वंचितों को न्याय दिलाने के साथ ही देश को मजबूत किया है।

**-सोनिया गांधी, कांग्रेस नेता**

### जातियों को आरक्षण



आरक्षण का आधार धर्म नहीं बल्कि सामाजिक पिछड़ापन होता है। मंडल कमीशन हमने लागू करवाया है। मंडल कमीशन में 3500 पिछड़ी जातियों को आरक्षण मिलता है जिसमें अन्य धर्मों की भी सैंकड़ों जातियों को आरक्षण मिलता है।

**-लालू यादव, राजद नेता**

### अपना वोट अवश्य डालें



मतदान अधिकार, विशेषाधिकार और एक जिम्मेदारी है जिसे महान राष्ट्र के नागरिक के रूप में हम सभी साझा करते हैं। हमारे लोकतंत्र में प्रत्येक वोट एक शक्तिशाली आवाज है। भारत के भविष्य को आकार देने के लिए अपना वोट डालें। जय हिन्द।

**-गौतम अडाणी, उद्योगपति**

## करंट अफेयर

# रूस के राष्ट्रपति पुतिन का पांचवां कार्यकाल शुरू



रूस की राजधानी मॉस्को में स्थित राष्ट्रपति कार्यालय 'क्रेमलिन' में मंगलवार को आयोजित एक भव्य समारोह में व्लादिमीर पुतिन ने देश के राष्ट्रपति के रूप में अपना पांचवां कार्यकाल शुरू किया। पुतिन ने अपने राजनीतिक विरोधियों को परास्त करने के अलावा यूक्रेन में विनाशकारी युद्ध की शुरुआत के साथ ही खुद को और अधिक शक्तिशाली साबित किया है। पुतिन अब अगले छह वर्षों तक देश के राष्ट्रपति पद पर रहेंगे। बीते करीब 25 वर्षों से देश की सत्ता पर काबिज पुतिन, जोसेफ स्टालिन के बाद राष्ट्रपति के पद पर सबसे लंबे समय तक रहने वाले रूस के पहले नेता बन गए हैं। पुतिन का नया कार्यकाल 2030 तक जारी रहेगा और इसके बाद वह राष्ट्रपति के अगले कार्यकाल की दावेदारी के लिए संवैधानिक रूप से एक बार फिर से पात्र बन जाएंगे। ग्रैंड क्रेमलिन पैलेस के अंदर आयोजित समारोह में पुतिन ने रूसी संविधान पर अपना हाथ रखा और इसकी रक्षा करने की कसम खाई। इस दौरान चुनिंदा गणमान्य हस्तियां वहां मौजूद थीं। 1999 में राष्ट्रपति बोरिस येल्तसिन का उत्तराधिकारी बनने के बाद से पुतिन ने रूस को आर्थिक पतन से उबारते हुए एक ऐसे देश के रूप में तब्दील कर दिया है, जिसे पश्चिम देश वैश्विक सुरक्षा के लिए खतरा मानते हैं।

## ऑफ बीट

# शुक्र ग्रह अनुमान से ज्यादा तेजी से पानी खो रहा



आज, हमारे पड़ोसी ग्रह शुक्र का वातावरण पिज्जा ओवन जितना गर्म और पृथ्वी पर सबसे शुष्क रेगिस्तान से भी ज्यादा सूखा है - लेकिन यह हमेशा ऐसा नहीं था। अरबों साल पहले शुक्र ग्रह पर उतना ही पानी था जितना आज पृथ्वी पर है। यदि वह पानी कभी तरल था, तो शुक्र कभी रहने योग्य रहा होगा। समय के साथ, वह सारा पानी लगभग नष्ट हो गया है। यह पता लगाने से कि कैसे, कब और क्यों शुक्र ने अपना पानी खो दिया, मेरे जैसे ग्रह वैज्ञानिकों को यह समझने में मदद मिलती है कि क्या चीज़ किसी ग्रह को रहने योग्य बनाती है - या क्या चीज़ एक रहने योग्य ग्रह को एक निर्जन दुनिया में बदल सकती है। वैज्ञानिकों के पास सिद्धांत हैं जो बताते हैं कि अधिकांश पानी क्यों गायब हो गया, लेकिन जितना उन्होंने अनुमान लगाया था उससे कहीं अधिक पानी गायब हो गया है। मई 2024 के एक अध्ययन में, मैंने और मेरे सहयोगियों ने पानी हटाने की एक नई प्रक्रिया का खुलासा किया जिस पर दशकों से ध्यान नहीं दिया गया, लेकिन यह पानी की कमी के रहस्य को समझा सकता है। ऊर्जा संतुलन और पानी की शीघ्र हानि सौर मंडल में एक रहने योग्य क्षेत्र है - सूर्य के चारों ओर एक संकीर्ण वलय जिसमें ग्रहों की सतह पर तरल पानी हो सकता है।

**हमारा पता**
हरिभूमि कार्यालय
नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 फोनः 9253681019-20
ई-मेल : **haribhoomi@gmail.com**
वेब-साइट : www.haribhoomi.com




## जयशंकर ने डीयू में आयोजित कार्यक्रम में की टिप्पणी

# भारत को मित्र, तटस्थ व मजबूत राष्ट्र के रूप में देखा जा रहा

भाषा ▶▶ नई दिल्ली

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने मंगलवार को कहा कि भारत को आज दुनिया भर में न केवल 'मित्र और तटस्थ' के रूप में, बल्कि 'दृढ़ और मजबूत' इरादों वाले राष्ट्र के रूप में भी देखा जाता है जो संकट की स्थितियों में अपने लोगों का ख्याल रखता है और उनकी रक्षा करता है।

**विकसित भारत केवल लोगों को प्रेरित करने वाला नारा नहीं यह पिछले 10 वर्षों में बनाई गई नींव**

जयशंकर ने डीयू के हंसराज कॉलेज में एक कार्यक्रम में 'विकसित भारत 2047-युवाओं की आवाज' विषय पर बोलते हुए यह टिप्पणी की। वह यूक्रेन जैसे युद्धग्रस्त देशों से अपने नागरिकों को वापस लाने के लिए भारत द्वारा चलाए गए बचाव अभियान का जिक्र कर रहे थे।



### प्रौद्योगिकी नेतृत्वकर्ता के रूप में उभरे

जयशंकर ने अर्थव्यवस्था और प्रौद्योगिकी क्षेत्र में हुए विकास और वैश्विक मंच पर भारत के बढ़ते कद के बारे में कहा, "यह बदलाव उस तरह का है जैसा हमने पहले कभी नहीं देखा।" जयशंकर ने देश के चंद्र मिशन का जिक्र करते हुए कहा कि भारत विश्व स्तर पर प्रौद्योगिकी नेतृत्वकर्ता के रूप में उभरा है और दुनिया पर इसकी पहली छाप चंद्रयान-3 की सफलता के साथ पड़ी, जिसपर एक फिल्म बनाने की लागत से भी कम खर्च आया। उन्होंने यह भी कहा कि भारत प्रति माह 12 अरब कैशलेस लेनदेन के साथ एक डिजिटल अर्थव्यवस्था के रूप में बढ़ रहा है, जो अमेरिका से अधिक है जहां एक वर्ष में ऐसे चार अरब लेनदेन होते हैं। जयशंकर ने सीमा पार आतंकवाद के प्रति भारत की कतई बर्दाश्त नहीं करने की नीति के बारे में भी बात की और बालाकोट एयरस्ट्राइक का उदाहरण दिया।

### 'विकसित भारत 2047-युवाओं की आवाज' विषय पर छात्रों को बताया

### विदेशमंत्री बोले-अमृत काल के अगले 25 साल आपका भविष्य

विदेश मंत्री जयशंकर ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि विकसित भारत केवल लोगों को प्रेरित करने वाला नारा नहीं है, बल्कि यह पिछले 10 वर्षों में बनाई गई नींव है, जिस पर भारत के अगले 25 वर्षों का भविष्य निर्मित होगा। उन्होंने कहा कि अमृत काल के अगले 25 साल आपका भविष्य हैं। यह विकसित भारत की ओर यात्रा है और आप ही इस यात्रा को संभव बनाएंगे।' विदेश मंत्री ने कहा कि वह इन 25 वर्षों को "अवसर और नई चुनौती की अवधि" के रूप में देखते हैं।

## दिल्ली हाईकोर्ट

### भगवान को सह-वादी बनाने पर एक लाख का जुर्माना

नई दिल्ली (भाषा) दिल्ली उच्च न्यायालय ने उस व्यक्ति पर एक लाख रुपये का जुर्माना लगाया है जिसने भगवान हनुमान के मंदिर वाली एक निजी भूमि पर कब्जे के संबंध में एक याचिका में उन्हें भी सह-वादी बनाया है। याचिका किसी अन्य पक्ष को भूमि के हस्तांतरण के संबंध में उनकी 'आपत्ति याचिका' को खारिज करने के निचली अदालत के आदेश के खिलाफ अपील के रूप में दायर की गई थी। याचिका में दावा किया गया था कि चूंकि संपत्ति पर एक सार्वजनिक मंदिर है, इसलिए जमीन भगवान हनुमान की है और अपीलकर्ता अदालत के समक्ष उनके निकट मित्र और उपासक के रूप में उपस्थित है। इसे संपत्ति को 'कब्जाने के इरादे से सांठगांठ' का मामला बताते हुए न्यायमूर्ति सी हरि शंकर ने अपील को खारिज कर दिया।

■ किसी अन्य पक्ष को भूमि हस्तांतरण के संबंध में 'आपत्ति याचिका' खारिज

## निज्जर हत्याकांड: अमेरिका की प्रतिक्रिया

# कनाडा में गिरफ्तार भारतीयों के मामले को गंभीरता से ले भारत

भाषा ▶▶ वाशिंगटन

अमेरिका के विदेश विभाग ने खालिस्तानी आतंकवादी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या के आरोप में गिरफ्तार किए भारतीयों पर अपनी प्रतिक्रिया दी है। अमेरिकी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा है भारत को इस मामले को गंभीरता से लेना चाहिए और इसकी जांच करनी चाहिए। कनाडा पुलिस ने 3 मई को निज्जर की हत्या के आरोप में तीन भारतीयों को गिरफ्तार किया है। पुलिस का मानना है कि भारत ने इन्हें निज्जर की हत्या करने का काम सौंपा था।

अमेरिका के विदेश विभाग ने खालिस्तानी आतंकवादी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या के आरोप में गिरफ्तार किए भारतीयों पर अपनी प्रतिक्रिया दी है। अमेरिकी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा है भारत को इस मामले को गंभीरता से लेना चाहिए और इसकी जांच करनी चाहिए। कनाडा पुलिस ने 3 मई को निज्जर की हत्या के आरोप में तीन भारतीयों को गिरफ्तार किया है।

### पन्नू केस: भारत की जांच के नतीजों का इंतजार



अमेरिका में सिख अलगाववादी नेता गुरपतवंत सिंह पन्नू की हत्या की साजिश से संबंधित आरोपों पर भारत द्वारा की जा रही जांच के नतीजों का अमेरिका इंतजार कर रहा है। विदेश विभाग के प्रवक्ता मैथ्यू मिलर ने कहा कि उन्होंने (भारत सरकार ने) मामले की जांच के लिए एक समिति का गठन किया है और जांच जारी है, हम जांच के नतीजों का इंतजार करेंगे। लेकिन हमने यह स्पष्ट कर दिया है कि यह कुछ ऐसा है जिसे हम गंभीरता से ले रहे हैं और हमें लगता है कि उन्हें भी इसे गंभीरता से लेना चाहिए।

### जयशंकर की टिप्पणी पर मिलर-बोले

### देश में प्रवेश मामले में ढिलाई नहीं बरतता कनाडा



ओटावा (भाषा)। कनाडा के आव्रजन मंत्री मार्क मिलर ने विदेश मंत्री एस जयशंकर की उस टिप्पणी को खारिज किया कि ओटावा लोगों को देश में प्रवेश देने के मामले में ढिलाई बरतता है। मिलर ने कहा कि छात्र वीजा पर कनाडा में प्रवेश करने वाले लोगों की आपराधिक रिकॉर्ड की अधिकारी जांच करते हैं। विदेश मंत्री जयशंकर ने शनिवार को कहा था, "हमने उनसे (कनाडाई प्राधिकारियों) कई बार कहा कि वे ऐसे लोगों को वीजा, मान्यता या राजनीतिक क्षेत्र में जगह न दें जो उनके (कनाडा के) लिए, हमारे लिए और हमारे संबंधों में समस्या पैदा कर रहे हैं। कनाडा सरकार ने कुछ नहीं किया। जयशंकर ने कहा था कि भारत ने 25 लोगों के प्रत्यर्पण की मांग की थी जिनमें से अधिकांश खालिस्तान समर्थक हैं लेकिन उन्होंने इस पर गौर नहीं किया। उनकी यह टिप्पणी कनाडा के प्राधिकारियों द्वारा तीन भारतीय नागरिकों पर खालिस्तानी अलगाववादी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या का आरोप लगाए जाने के बाद आई है।

## खबर संक्षेप

### जेएएफ प्रशिक्षण दल ने की एसएनसी की पहली यात्रा



**नई दिल्ली।** कमांडर हाज़ेम आई मैता के नेतृत्व में तीन सदस्यीय जॉर्डन सशस्त्र बल (जेएएफ) प्रशिक्षण प्रतिनिधिमंडल ने 29 अप्रैल से 4 मई तक दक्षिणी नौसेना कमान (एसएनसी), कोच्चि और भारतीय नौसेना अकादमी, एझिमाला का दौरा किया। इस पहली यात्रा का उद्देश्य सैन्य प्रशिक्षण आदान-प्रदान था। इस दौरे में सिमुलेटर से परिचित कराना, पेशेवर बातचीत और वीबीएसएस एवं डाइविंग ऑपरेशन्स का प्रदर्शन शामिल रहा।

### भारत में तैनात होंगे चीन के राजदूत फेइहोंग



**बीजिंग।** चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने जू फेइहोंग को भारत में नया राजदूत नियुक्त किया है। बता दें कि पूर्वी लद्दाख में सैन्य गतिरोध के बाद से दोनों देशों के बीच रिश्तों में खटास पैदा हो गई थी। अब 18 महीने के बाद चीन ने जू फेइहोंग को भारत में नया राजदूत बनाकर कुछ अलग संकेत दिया है। चीनी विदेश मंत्रालय ने इस बात की पुष्टि की है। फेइहोंग इसके पहले अफगानिस्तान और रोमानिया के पूर्व राजदूत रह चुके हैं।

### 14 मई तक कविता की न्यायिक हिरासत बढ़ाई

**नई दिल्ली(भाषा)।** दिल्ली की अदालत ने शराब नीति से जुड़े कथित धन शोधन के मामले में भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) की विधान पार्षद के. कविता की न्यायिक हिरासत 14 मई तक बढ़ा दी। तेलंगाना की एमएलसी कविता को उनकी न्यायिक हिरासत की अवधि पूरी होने के बाद सीबीआई और ईडी मामलों की विशेष न्यायाधीश कावेरी बावेजा की अदालत में पेश किया गया था।

## एच डी रेवन्ना को नहीं मिली कोर्ट से राहत

**बेंगलुरु (भाषा)।** जनता दल-सेक्युलर (जद-एस) के विधायक एच डी रेवन्ना विशेष अदालत से मंगलवार को राहत पाने में नाकाम रहे जिसने उनकी जमानत याचिका पर सुनवाई बुधवार तक के लिए टाल दी। वह फिलहाल विशेष जांच दल (एसआईटी) की हिरासत में हैं। एसआईटी ने एक महिला के अपहरण के आरोप में पूर्व मंत्री रेवन्ना (66) को शनिवार को गिरफ्तार किया था और एक अदालत ने उन्हें आठ मई तक पुलिस हिरासत में भेज दिया था। अदालत ने शनिवार को उनकी जमानत याचिका खारिज कर दी थी। जद (एस) के संस्थापक और पूर्व पीएम देवेगौड़ा के बेटे रेवन्ना और उनके करीबी सतीश बबन्ना के खिलाफ 29 अप्रैल को महिला का अपहरण करने के आरोप में बृहस्पतिवार रात को मामला दर्ज किया गया था। मामला महिला के बेटे की शिकायत पर दर्ज किया गया था।

## सात आतंकी आकाओं की संपत्तियां कुर्क

**श्रीनगर (भाषा)।** जम्मू-कश्मीर के बारामूला जिले में पाकिस्तान स्थित सात आतंकी आकाओं की संपत्तियां कुर्क कर दी गईं। पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी। एक पुलिस प्रवक्ता ने कहा कि बारामूला में अतिरिक्त सत्र अदालत द्वारा पारित कुर्की आदेश प्राप्त होने के बाद पाकिस्तान स्थित आतंकी आकाओं की 13 कनाल जमीन कुर्क की गई। इसकी कीमत लाखों रुपये हैं। उन्होंने आतंकी आकाओं की पहचान शेखपोरा के शब्बीर अहमद सोफी, वारिपोरा पाईन के गुलाम नबी अलाई, वारपोरा बाला के गुलाम नबी शेख, रेशीपोरा औथूरा के शरीफ उद दीन चोपन और गुल्ला शेख, सलूसा के मोहम्मद रफीक खान और फ्रास्थर तिलगाम के अब्दुल हमीद पर्रे के रूप में की। पुलिस जांच के दौरान इन लोगों की संपत्ति की पहचान की गई।




## राफा इलाके में टैंक लेकर घुसे इजराइली सैनिक

एजेंसी ▶▶ यरूशलम

इजराइली सेना ने कहा कि उसने सोमवार से मंगलवार की रात तक दक्षिणी गाजा पट्टी में रफह क्रॉसिंग के गाजा की ओर के हिस्से पर परिचालन नियंत्रण स्थापित कर लिया है।

इजराइली मीडिया पर प्रसारित फुटेज में क्रॉसिंग के गाजा की ओर एक इजराइली झंडा लहराता हुआ दिखाया गया। हालांकि इजराइली सेना ने इस झंडे पर कोई टिप्पणी करने से इनकार कर दिया। इजराइली सेना ने सोमवार रात को कहा कि वह पूर्वी राफह में लक्षित हमले कर रही है। इसमें कहा गया है कि अभियान में हमास के 20 आतंकवादी मारे गए और सुरंग में तीन शाफ्ट की खोज की गई।



■ मिस्र से सटे बॉर्डर पर कब्जा किया, एक लाख फिलिस्तीनियों को निकाला जाएगा

■ राफा इजराइली सेना के ऑपरेशन का आखिरी पड़ाव

## भारतीय नौसेना के तीन जहाज पहुंचे सिंगापुर

एजेंसी ▶▶ सिंगापुर

दक्षिण चीन सागर में नौसेना के पूर्वी बेड़े की परिचालन तैनाती के हिस्से के रूप में तीन भारतीय नौसेना जहाज सिंगापुर पहुंचे हैं। नौसेना प्रवक्ता ने कहा कि रियर एडमिरल राजेश धनखड़ के नेतृत्व में भारतीय नौसेना के जहाज दिल्ली, शक्ति और किल्टन सोमवार को सिंगापुर पहुंचा है। मौजूदा तैनाती दोनों नौसेनाओं के बीच मजबूत संबंधों को रेखांकित करती है। यह यात्रा दक्षिण चीन सागर में भारतीय नौसेना के पूर्वी बेड़े की परिचालन तैनाती का हिस्सा है।



### बीआरओ ने 65वां स्थापना दिवस मनाया

*नई दिल्ली(भाषा)। सीमा सड़क संगठन ने 65वां स्थापना दिवस मनाया। रक्षा सचिव गिरिधर अरमाने ने कहा कि बीआरओ ने भूटान, म्यांमार, अफगानिस्तान और तजाकिस्तान के सीमावर्ती क्षेत्रों के साथ-साथ मित्र देशों में भी सड़कें बनाई हैं। रक्षा सचिव अरमाने ने सेला सुरंग पर कुछ पुस्तकों का अनावरण भी किया।*

## टीम ने 2 घंटे 1 मिनट पहले फैसला लिया

# स्पेसक्राफ्ट में बैठ चुकी थीं सुनीता, फिर मिशन टला रॉकेट में खराबी आई, लॉन्चिंग 10 मई को संभव



एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

भारतीय मूल की एस्ट्रोनॉट सुनीता विलियम्स और बुच विल्मोर को इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन ले जाने वाला बोइंग का स्टारलाइनर मिशन टल गया। इसे यूएलए के एटलस वी रॉकेट से सुबह 8:04 बजे फ्लोरिडा के केप कैनावेरल स्पेस फोर्स स्टेशन से लॉन्च किया जाना था। रॉकेट के ऑक्सीजन रिलीफ वॉल्व में आई समस्या के कारण मिशन टला है। सुनीता विलियम्स और बुच विल्मोर स्पेसक्राफ्ट में सवार हो चुके थे, लेकिन इंजीनियर्स को चेक के दौरान रॉकेट की सेकेंड स्टेज में ऑक्सीजन रिलीफ वॉल्व में समस्या मिली। टीम ने मिशन को लॉन्च से 2 घंटे 1 मिनट पहले टालने का फैसला लिया। बोइंग ने बताया कि डेटा एनालिसिस करने के बाद अब अगला लॉन्च 10 मई को हो सकता है। इस मिशन के सफल होने पर इतिहास में पहली बार अमेरिका के पास एस्ट्रोनॉट को स्पेस में भेजने के लिए 2 स्पेसक्राफ्ट हो जाएंगे। अमेरिका के पास इलॉन मस्क की कंपनी स्पेसएक्स का ड्रैगन स्पेसक्राफ्ट ही है। नासा ने साल 2014 में स्पेसएक्स और बोइंग को स्पेसक्राफ्ट बनाने का कॉन्ट्रैक्ट दिया था।

### मुश्किल निर्णय

यूनाइटेड लॉन्च अलायंस के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) टोरी ब्रूनो ने कहा कि हम अपने नियमों और प्रक्रियाओं पर कायम रहे व परिणामस्वरूप प्रक्षेपण टाल दिया।' नासा के व्यावसायिक चालक दल कार्यक्रम के प्रबंधक स्टीव स्टिच ने माना कि यह निर्णय मुश्किल था।




हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक देवेन्द्र सिंह द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड़, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 से प्रकाशित। संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। RNI No. 63924/1996, फोन : 9253681019-20, फैक्स : 274202, e-mail : rohtak@haribhoomi.com, rohtakharibhoomi@gmail.com
Postal Regd. No. P/RTK/389/2023-25